From **RSETI Bank Sakhi training** she learned competencies and skills like effective communication, goal orientation & time management. Asha got financial support as SHG loan/ Mukhyamnatri Swarojgar Yojna, through which she started her own CSC(Common service center). **She managed to start an enterprise** with her own funds of Rs 35,000 and got finical support of Rs 25,000 from National Rural Livelihood Mission. **RSETI has empowered Asha to transition from dependency to entrepreneurship**. She now actively contributes to her household income and fulfills the financial needs of her family.

**Investing in education to shape tomorrow's talent**




Note: Priority sector lending (PSL) accounted for about three-fourths of the education loan portfolio in the retail segment

**Equipping employees to be industry-ready**

We operate seven training institutes, ensuring employees receive essential education and training to stay updated with the requirements across industry.

We have collaborations with institutions such as National Institute of Bank Management, Pune; Indian Institute of Banking and Finance, Pune; College of Agricultural Banking, Pune; Administrative Staff College of India, Hyderabad; Manipal Global, Bengaluru; and International Management Institute, New Delhi to bolster the skills and capabilities of our staff.

**Figure 21:** Percentage of employees trained on skills and safety




Source: CII Reports, 2022[5]

**Youth Empowerment through Financial Literacy**

Financial Literacy and credit Counselling Centres (FLCC) / FLCs are established as per Reserve Bank of India guidelines at Rural and Urban Centres at district locations where Bank is having Lead Bank responsibility.

Our 51 FLCs are functional in all 51 Lead districts. We aim to help more people understand finances, which can empower young people to make informed choices for their financial well-being.

The FLCs in addition to imparting training also undertake remedial counselling on case-to-case basis for the distressed borrowers, preventive counselling through media, workshops and seminars Total 18.67 Lakh people were given counselling in fiscal 2024.

# Corporate social responsibility in action

CSR has become increasingly significant in addressing social challenges, fostering sustainable development and building a better society.

In line with government regulations, companies are mandated to allocate 2% of their profits towards CSR activities. During fiscal 2022, 19,043 companies collectively contributed Rs 26,279 crore to CSR initiatives[15].

Bank of India was established under the Banking Companies (Acquisition & Transfer of Undertakings) Act, 1970, and is not subject to the Companies Act, 2013. Hence, we do not have a mandate to allocate 2% of profits. However, we remain dedicated to supporting environmental and social enrichment through CSR initiatives on a sustainable basis.

## BOI's commitment to CSR: Driving change

We allocated Rs 8 crore for CSR initiatives in fiscal 2024, of which Rs 7.07 crore was spent. Our dedication to social welfare is demonstrated through its array of programmes under its CSR initiative.

**Figure 22:** Category-wise CSR spends share for fiscal 2024




The **Star Angel Scheme is a notable programme**, supporting the **Beti Bachao Beti Padhao** Abhiyan.

**Beti Bachao Beti Padhao** is government initiative to prevent gender-based sex-selective elimination, safeguarding girls and fostering the education and participation of female children. We adopt five girl children per rural branch, providing them with extended financial support of Rs 1200 per girl child per annum for educational expenses from standard I up to graduation.

**8,500 +**
scholarship given under star angel scheme

**~Rs 103 Lakh**
Amount of scholarship given under star angel scheme

## CSR initiatives in fiscal 2024

**Financial Assistance though CSR for procurement of whe elchairs,Stretchers,Watercooler,Patient beds to PGIMER, Chandigarh**

Rs 4.11 Lakh for purchase of Wheelchairs, Strechers, Water Cooler, Patient Beds for PGIMER Hospital Chandigarh. The aforesaid CSR activity falls under category of "Health and Family Welfare including Social welfare".

[15] National CSR portal

**Financial Assistance through CSR to The Spastics Society of Tamil Nadu (SPASTN) for rehabilitation, special education and vocational training for skill development of differently abled children, under Chennai Zone, NBG-South I**

SPASTN provides extensive rehabilitation including neuro-developmental therapy, hydrotherapy, speech & language therapy and sensory integration. They also run a community-based rehabilitation of children with special needs in Tiruvallur District.

Rs 5 Lakh for CSR Support to Spastics Society of Tamil Nadu (SPASTN) for rehabilitation, special education and vocational training for skill development of differently abled children.

**Financial Assistance through CSR for procurement of necessary items for Sahara Vridhashram, Patna**

Rs 1 lakh for purchase of water cooler, LED television, vaccum cleaner, 35 men's T-shirts, 55 ladies nighties and 250 kgs of foodgrains. The aforesaid CSR activity falls under category of "Health and family welfare including social welfare"

**Financial Assistance through CSR for procurement of 200 ceiling fans to Police Line Dhanbad**

Financial Assistance through CSR for procurement of 200 ceiling fans to Police Line Dhanbad

**Financial Assistance through CSR for procurement of Three sets of Desktop Computers for Dhanamma Devi Devasthan trust Kolhapur**

Rs1 Lakh for purchase of Three Sets of Desktop Computers for Dhanamma Devi Devasthan Trust, Guddapur.in Kolhapur District. The aforesaid CSR activity falls under category of "Social Welfare".

**Financial Assistance through CSR to Vision Foundation of India (VFI)for Free Eye Surgery Camp Mumbai**

Pre Operative Photograph

Post Operative Photograph

BOI has provided 9 lakh Rs for 360 eye surgeries, with Rs 2500/- for each surgery, to the Foundation of India. for carrying out free eye checkup and Cataract surgeries of the marginalized strata of the society. The aforesaid CSR activity falls under category of "Health and Family Welfare including Social Welfare.

**Financial Assistance though CSR for procurement of Ambulance to Sansthan Shri Deo Ganapatipule Devasthan**

In collaboration with Bank of India, Sansthan Shri Deo Ganapatipule Devasthan offers a free ambulance service to those in need. BOI allocated Rs20 Lakh - to provide one ambulance to Sansthan Shri Deo Ganapatipule Devasthan, Ganapatipule, Maharashtra. This CSR initiative falls under the category of "Health and Family Welfare, including Social Welfare".

**Financial Assistance through CSR to Aatmaja Foundation working for education of girls from under privilege background under NBG-West II**

Aatmaja Foundation, a Non-profit organization committed to enabling bright young girls from disadvantaged backgrounds to become successful professionals. They seek support for 15 girls (with average spend on each girl being 40,000) i.e. Rs6 lakhs. The project name is “Udaan” and the expenses are incurred for School/ College fees, Books, Extra coaching, mentoring, counselling, training and administrative expenses related to supporting these initiatives.

# Supporting an environmentally sustainable future

Industrialisation and the resultant global warming have irreversibly damaged the environment. The change in climate is rapidly reshaping our lifestyle and work patterns, compelling organisations to reassess their strategies and undergo business transformation. Urgent actions are needed to mitigate the impact of human activities on climate and enhance resilience to global warming.

According to the Union Ministry of Environment[16], India has reduced its emissions intensity relative to GDP by 33% between 2005 and 2019, meeting the original Nationally Determined Contributions (NDC) target for 2030, 11 years ahead of schedule. The country has set a target to achieve net zero emissions by 2070.

### BOI's environmental commitment: Empowering the eco warriors

We have a Chief General Manager (CGM)/General Manager (GM) level ESG committee for oversight on the Bank's initiative in ESG as well on Climate Risk. We also have a Board Approved ESG Policy which spells out the role of management in assessing and managing climate related risks.

Our eco-conscious practices are proof of our commitment to environmental sustainability.

**Figure 23:** Scope 1 and 2 emissions during the fourth quarter of fiscal 2024




We are taking proactive measures to reduce our scope 1 and 2 emissions. Here are some of the steps we have taken. We have financed solar rooftop panels and electric vehicles in the retail loan segment. We have also financially assisted renewable energy companies in corporate loans vertical.

We have underwritten loans in the Bio Gas, Solar & wind energy generation & distribution, the total outstanding across renewables portfolio is Rs 2505 Cr as on fiscal year 2024.

**Figure 24:** BOI green financing in Corporate segment in fiscal 2024




**Table 2:** Green financing in MSME

| **Renewable energy** (As on FY24) | |
|---|---|
| Lives touched | 135 |
| Loan Outstanding | Rs 48 Cr |

Note: MSME renewable energy category represents loan outstanding under Star energy saver scheme which was launched in December 2023

[16] India at COP-28: Highlights of 28th Conference of Parties. Dec 2023

**Table 3:** Green financing in retail

| | | |
|---|---|---|
| **E-Vehicle** (As on FY24) | | |
| E-Vehicle | **Lives touched** | **1,314** |
| | **Loan Outstanding** | **Rs 23 Cr** |
| **Solar rooftop** (As on FY24) | | |
| Solar rooftop financing | **Lives touched** | **235** |
| | **Loan Outstanding** | **Rs 118 Cr** |

**Table 4:** Green financing in agriculture

| | | |
|---|---|---|
| **Compressed Biogas** (As on FY24) | | |
| Compressed Biogas | **Loan Outstanding** | **Rs 15 Cr** |
| **Agriculture Biotechnology** (As on FY24) | | |
| Agriculture Biotechnology | **Loan Outstanding** | **Rs 27 Cr** |

**7.7 lakhs lives reached through digital loan facility**

In the fiscal year 2024, we sanctioned Rs15,516 Cr through digitally opened loan accounts via E-Portal, resulting in saving nearly 1.13 crores of pages. This contributed to reducing approximately 50 metric tons of carbon emissions.

We have conducted physical risk scoring for all borrowers based on their locations and transition risk scoring for industries based on their GHG emissions. These scores were then compared with our corporate portfolio to identify the most vulnerable accounts in each sector.

**Table 5:** Green workspace

| Key initiatives for our Green workspace include | |
|---|---|
| | **Green building certification**<br>BOI has Green Building certificate for Head office “Star House 2”. The building is having well-sealed duct systems, sealed combustion gas appliances, bathroom and kitchen exhaust fans, and a balanced / positive pressure ventilation system. |
| | **Solar Panel installation**<br>The bank has installed solar panels to produce electricity in various facilities. **Six BOI facilities have been equipped with solar panels while another 25 facilities in process to get installed.** |
| | **Restrictions on use of single use plastic**<br>The bank has restricted the use of single-use plastic in office premises. To create awareness, all plastic items like pet bottles and other hard plastic are collected and displayed on office premises. Later, the same is sent for recycling to a Govt-authorized recycling center. |
| | **Segregation of wet and dry waste**<br>BOI segregates its wet and dry waste at source (residential and commercial) complexes. The dry waste is segregated further and recycled or sold. |

**Commitment to effective governance practices**



# Riding the digital revolution

The digital revolution has emerged as a transformative force in India's dynamic financial landscape, reshaping operations for financial institutions. A surge in digital adoption, driven by initiatives such as Digital India and a push for a cashless economy, is evident. The percentage of 4G and 5G subscribers has increased from 79% in FY19 to 91% in FY23, this penetration has enabled the mobile banking, digital wallets, and online lending platforms to thrive while catering to the diverse users in urban and rural areas.

**Figure 25:** Consumers shifting to faster 5G technology




Source: TRAI, Crisil MI&A Research

On the back of this improved digital infrastructure, payments in India have witnessed remarkable growth in the number of transactions done digitally.

**Figure 26:** Number of UPI transactions in India over FY13-24[17]




**Digital lending gaining currency**

As per the latest available figures on digital lending from the Reserve Bank of India, digital disbursements have surged 12x between fiscals 2017 and 2020. Private sector banks and non-banking finance companies dominate the digital lending ecosystem with 85%; public sector banks have also increased their share significantly from 0.3% to 13.1% between fiscals 2017 and 2020.

## BOI's digital drive: Transformation bytes

UPI has been an important part of our digital transformation journey with the number of transactions (in volume terms) increasing 2.4x to **607 crores** in between fiscals 2022 and 2024.

**Figure 27:** BOI total UPI transactions




We have set up a digital lending department which provides loans for the MSMEs, agriculture and retail segments via an e-platform.

Driven by this platform, which allows both web-enabled and branch-assisted channels, we **have added 7.7 lakh accounts**. These represent a sanction amount of **~Rs 15,500 crore** in fiscal 2024.

**Table 6:** Digitalised product portfolio of our bank for fiscal 2024

| Loans | Key products | Number of accounts | % of Total Accounts | Launch of branch-assisted services | Launch of web-enabled services | Milestones |
|---|---|---|---|---|---|---|
| MSME (Mudra) | Shishu | 13510 | 1.7% | 2QFY23 | 3QFY23 | End-to-end digital in Shishu (existing to bank customer); disbursement time reduced from 7 days to 10 minutes |
| | Kishore | 62592 | 8.1% | 3QFY23 | 2QFY24 | |
| | Tarun | 27895 | 3.6% | 3QFY23 | 2QFY24 | |
| Agriculture | KCC-Crop | 61564 | 8.0% | 3QFY23 | 2QFY24 | Online retrieval of land records and crop reports – KCC pilot in MP |
| Retail | Personal | 8346 | 1.1% | 2QFY23 | 4QFY23 | Recent addition of pensioner loan to web-platform |
| | Pensioner | 640 | 0.1% | 2QFY23 | 1QFY24 | |
| | Vehicle | 8537 | 1.1% | 3QFY23 | Not Enabled | |
| | Home | 457 | 0.1% | 3QFY24 | Not Enabled | |
| | Gold[18] | 584586 | 75.6% | 2QFY23 | 2QFY23 | Moving to phygital |

[17] National Payments Corporation of India
[18] Total Gold Loans

**Figure 28:** Faster credit delivery across segments on the back of digital initiatives

| | | |
|---|---|---|
| **MSMEs (Mudra)** | **10 Minutes** | **Shishu** loans for Existing To Bank (ETB) users processed faster than Kishore and Tarun loans via web journey option, as on-site verification is waived off leading to disbursement within **10 minutes**. |
| | **1-2 Days** | For **Kishore and Tarun**, the documentation process takes **15-20 minutes** for existing users; additional time is taken for site visits. The timeframe for New To Bank (NTB) users is **1-2 days**. This entire process would take ~7 days in the manual mode for all the three products under Mudra previously. |

| | | |
|---|---|---|
| **Agriculture Loans** | **15 Minutes** | KCC's pilot project in Madhya Pradesh digitalised the collection of land records and crop reports reducing the loan disbursement time for crop loans to 15 minutes from 1-2 days earlier. |
| **Gold Loans** | KCC's pilot project in Madhya Pradesh digitalised the collection of land records and crop reports reducing the loan disbursement time for crop loans to 15 minutes from 1-2 days earlier. | |
| | The loan amount displayed is tentative and a branch visit is required to get the gold evaluated by professional appraisers | |

**Some of our digital initiatives**

One of our key initiatives has been the **BOI Mobile Omni Neo App**. Equipped with **300+ features**, it acts as a one stop solution for all banking, investment, and payment needs. Users can make end to end digital account openings for SB, FD, PPF, etc. and can invest in Sovereign Gold Bonds, Mutual Funds and insurance products. It also gives a simplified view of transactions and mandates.

We have also made major upgrades to our digital infrastructure by adding a new state of the art **data centre**, upgrading Intra-bank networks and investing in new technologies like **Artificial Intelligence/Machine Learning/Generative AI** to ensure a faster and more robust digital platform. Apart from this, **WhatsApp** banking is now possible making the user experience more convenient and a **portal for merchants** acting as a one stop solution for all corporates.

# Banking beyond borders

A survey by the Reserve Bank of India revealed an increase in the number of branches and subsidiaries of Indian banks operating abroad. From 517 in fiscal 2017[19], the number surged to 531 by fiscal 2023[20]. This indicates a gradual expansion of domestic banks into various international markets, thereby enhancing cross-border banking experience of customers and gaining a global clientele.

The branches and subsidiaries operating abroad have witnessed a steady increase in credit extension, which logged a ~3% CAGR between fiscals 2017 and 2023. In fiscal 2023, the credit extended reached approximately Rs 10,942 billion.

## BOI's global operations: Expanding footprint

As of March 2024, we have a presence in 15 countries across five continents and 47 foreign offices.

Foreign operations which contributed 15% to our global business mix (advances and deposits), reached close to Rs 2 lakh crore, highlighting the significant role they play in our overall operations.

**21** Overseas branches

**4** Overseas subsidiaries

**1** Overseas joint ventures

Our overseas branches, located in major global hubs, witnessed a 5.5% on-year increase in deposits to Rs 108,203 crore as of fiscal 2024.

### Our global subsidiary

We have four global subsidiaries, one each in Indonesia, Tanzania, New Zealand and Uganda. The total gross advances to these subsidiaries amounted to around **$418 million in fiscal 2024**. These subsidiaries are committed to cater to diverse segments of society like:

**$5 M** For pharma/ healthcare/ hospitals in FY24

**$1.3 M** For education in FY24

Note: Total credit exposure of subsidiaries which have financed to these segments

### Instances where our subsidiaries have made an impact

#### Community engagement in New York

Our New York branch has set a **$3 million working capital limit to Neighbourhood Housing Services of New York City, Inc.** (NHSNYC). The support to NHSNYC through line of credit is covered under community development lending.

Neighbourhood Housing Services of New York City, Inc. (NHSNYC) is a non-profit corporation offering affordable loans, housing education and renovating rundown properties, thereby benefiting low-income individuals.

The credit facility given to NHSNYC qualifies for loans granted under the Community Reinvestment Act (CRA), which is mandatory as per Federal Deposit Insurance Corporation (FDIC). We allocated CRA deposit placements worth **$1 million** during calendar 2024.

Moreover, our New York branch invests in Federal National Mortgage Association (FNMA) and Government National Mortgage Association (GNMA), channelling funds to housing for low and moderate-income groups.

We also opened CD for **four community development financial institutions**. We offered grants to **17 community** development organisations focusing on affordable housing, economic development and community services.

Our New York branch **conducts financial literacy seminars** for students from low- and moderate-income groups, demonstrating its commitment to fostering positive change and economic empowerment in local communities.

#### Sustainability-linked financing by BOI Singapore

In fiscal 2024, BOI Singapore, our Singapore arm, financed **three syndicated sustainability-linked loans totalling SGD 69 million**.

The first loan (SGD 15 million) was extended to financial holding company operating hotels and resorts in Southeast Asia. The loan's sustainability key performance indicators (KPIs) **included a 66% reduction in greenhouse gas emissions and a 50% cut in waste to landfill by 2030 from 2022 baseline**. Notably, the company diverted 23% of the waste generated to recycling in 2023. Its emissions per occupied room decreased 20% and water usage reduced 2.3%.

The second loan (SGD 34 million) supported a global pharmaceutical company. **The KPIs included increasing the consumption of renewable energy, reduction in freshwater consumption and improvement in gender diversity in the workplace**.

The third (SGD 20 million) assisted a commercial bank in Africa. The KPIs **increased renewable energy and diversity, especially increasing black women in senior roles**.

[19] Reserve Bank of India's survey, 2018
[20] Reserve Bank of India's survey, 2023

# प्रबंधन विचार-विमर्श एवं विश्लेषण

## 1. वैश्विक परिदृश्य

वर्ष 2023-24 में दुनिया भर में आर्थिक गतिविधियों में समग्र तेजी देखी गई। यह तेजी बार-बार झटके लगने और भू-राजनीतिक तनाव और भौगोलिक-आर्थिक पार्थक्य में वृद्धि के बावजूद बनी रही। निस्संदेह इन चुनौतियों ने विकास की गति को प्रभावित किया लेकिन सेवा क्षेत्र और विनिर्माण में बढ़ोतरी से संचालित वैश्विक अर्थव्यवस्था में पुन: मजबूत होकर उभारने का संकल्प देखा गया। इसका परिणाम यह हुआ कि मंदी की आशंकाओं में कमी आई और मुद्रास्फीति का दबाव धीरे-धीरे कम हुआ। दुनिया भर में केंद्रीय बैंकों द्वारा अपनाई गई अभूतपूर्व मौद्रिक सख्ती जारी रही क्योंकि मुद्रास्फीति प्रबंधन सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रही, परन्तु नीतिगत दरों को अपरिवर्तित रखा गया।

आईएमएफ ने अपनी नवीनतम विश्व आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट ( डब्ल्यूईओ) में अनुमान लगाया है कि 2024 में वैश्विक वृद्धि 3.2% पर स्थिर रहेगी, जैसा कि 2023 में थी और आने वाले वर्षों में भी इसी गति से वृद्धि जारी रहने की संभावना है। जहाँ एक ओर उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में 2.7% की वृद्धि हुई, वहीं उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में 4.2% की वृद्धि हुई। हालाँकि विकसित देशों में मांग में कमी, व्यापार में कमज़ोरी, अस्थिर वैश्विक वित्तीय स्थितियों के साथ-साथ कमोडिटी की कीमतों में गिरावट के कारण पूरे 2023 के दौरान वैश्विक व्यापार के मूल्य में गिरावट आई है। वैश्विक मुद्रास्फीति में 2023 में 6.8 प्रतिशत से 2024 में 5.9 प्रतिशत तथा 2025 में 4.5 प्रतिशत तक की लगातार गिरावट का पूर्वानुमान है जिससे वृद्धि की संभावना को बल मिलता है।

## 2. घरेलू आर्थिक परिदृश्य:

भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूत बृहद आर्थिक बुनियादी स्थिति और वित्तीय स्थिरता के बल पर आशावाद का संचार किया है। मजबूत घरेलू मांग, ग्रामीण मांग में तेजी, मजबूत निवेश, निरंतर विनिर्माण गति, मजबूत बैंकिंग क्षेत्र, कम ऋणभार वाला कॉरपोरेट क्षेत्र और बेहतर उपभोक्ता और निवेशक विश्वास ने भारत की मजबूत स्थिति में योगदान दिया।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के दूसरे अग्रिम अनुमानों के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2023-24 में 7.6% की मजबूत जीडीपी वृद्धि हासिल की, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 7% की वृद्धि दर से अधिक है। इस प्रकार भारत, वैश्विक अर्थव्यवस्था के नए विकास इंजन के रूप में उभरा, जिसने समग्र विकास गतिशीलता में लगभग 16% का योगदान दिया और 2023-24 में सभी क्षेत्रों में व्यापक विकास के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया।

कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में सकल मूल्य संवर्धन में 0.7% की वृद्धि दर्ज की गई। खरीफ के दौरान खाद्यान्न उत्पादन में गिरावट और कम वर्षा के कारण यह वृद्धि बाधित हुई।

सुधारों और बेहतर कारोबारी भावनाओं से समर्थित मजबूत विनिर्माण क्षेत्र के बल पर औद्योगिक उत्पादन में तेजी जारी रही। औद्योगिक क्षेत्र में 2023-24 में 8.3% की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल इसमें 5.1% की वृद्धि हुई थी। 8.5% की वृद्धि के साथ विनिर्माण, इसमें सबसे मजबूत उपक्षेत्र के रूप में उभरा। दूसरी ओर 2023-24 में खनन में 8.1% की वृद्धि दर्ज की गई और बिजली उत्पादन में 7.5% की अच्छी वृद्धि दर्ज की गई।

सेवा क्षेत्र, भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बना रहा जिसने जीवीए वृद्धि में 70% से अधिक का योगदान दिया। इस क्षेत्र ने मजबूत आवास मांग द्वारा प्रेरित निर्माण गतिविधि, ट्रेड, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण तथा वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं से शक्ति पाकर अपनी गति बनाए रखी।

सीपीआई द्वारा मापी गई खुदरा मुद्रास्फीति में वित्त वर्ष 2023-24 में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई, जो कोविड-19 फ्रेमवर्क के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। सक्रिय मौद्रिक नीति और सरकार द्वारा सकारात्मक कार्रवाई जैसे कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमतों में कमी ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद की। हेडलाइन मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2022-23 में 6.7% से घटकर वित्त वर्ष 2023-24 में 5.4% हो गई, जो मुद्रास्फीति लक्ष्य ढांचे के ऊपरी वहनीयता के स्तर के भीतर है। हालांकि कोर मुद्रास्फीति अपने निम्नतम स्तर पर आ गई, लेकिन खाद्य मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर है तथा चुनौती बनी रही है।

वैश्विक मंदी और जारी भू-राजनीतिक तनावों के कारण भारत के व्यापारिक निर्यात के साथ-साथ व्यापारिक आयात में भी कमी आई है। विदेशी व्यापार में मंदी के कारण आयात की तुलना में निर्यात में कम संकुचन के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में व्यापारिक व्यापार घाटा कम हुआ है। हालांकि, गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न और आभूषण व्यापारिक निर्यात ने मजबूत वापसी दिखाई है और सॉफ्टवेयर निर्यात और व्यावसायिक सेवा निर्यात में वृद्धि के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में सेवा निर्यात में सबसे तेज़ गति से वृद्धि हुई है। इससे वित्त वर्ष 2024 के पहले नौ महीनों में भारत के चालू खाता घाटे (सीएडी) में सुधार हुआ है। इस सुधार में शुद्ध सेवा प्राप्तियों में वृद्धि और आवक प्रेषण में वृद्धि का भी योगदान है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और आरबीआई को उम्मीद है कि आने वाले समय में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सीएडी पर जीडीपी अनुपात 1% से कम हो जाएगा।

भारत के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन, अनुकूल कारोबारी माहौल और मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादी स्थिति ने वित्त वर्ष 2023-24 में उल्लेखनीय पूंजी प्रवाह को गति दी। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान शुद्ध विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) 41 अरब अमेरिकी डॉलर था, जबकि पिछले दो वर्षों में शुद्ध बहिर्वाह हुआ था। वित्त वर्ष 2014-15 के बाद एफपीआई प्रवाह का यह दूसरा उच्चतम स्तर है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान उभरते बाजार प्रतिभागियों के मध्य भारत को सबसे अधिक इक्विटी प्रवाह प्राप्त हुआ। हालांकि, पूँजी प्रत्यावर्तन में वृद्धि के कारण वित्त वर्ष 2023-24 के पहले दस महीनों में शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई), पिछले साल के 36.8 अरब अमेरिकी डॉलर से कम होकर 25.5 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। 29 मार्च, 2024 तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 645.6 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो 11 महीने के अनुमानित

व्यापारिक आयात और कुल विदेशी ऋण के 100 प्रतिशत से अधिक को कवर करने के लिए पर्याप्त है।

राजकोषीय मोर्चे पर, व्यय को युक्तिसंगत करने और राजकोषीय मजबूती के दृष्टिकोण से वित्त वर्ष 2023-24 उल्लेखनीय रहा। अनुपालन में वृद्धि, उच्चतर अग्रिम कर संग्रह और कर आधार के विस्तार के कारण, प्रत्यक्ष कर संग्रह में दोहरे अंकों की मजबूत वृद्धि हुई, जो अप्रैल-फरवरी 2023-24 के दौरान 21.6% बढ़ा, जबकि आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह क्रमश: 25.8% और 17.3% बढ़ा। वस्तु और सेवा कर संग्रह और सीमा शुल्क राजस्व के कारण अप्रत्यक्ष कर संग्रह में 4.8% की वृद्धि दर्ज की गई। सकल राजकोषीय घाटा, वित्त वर्ष 23 में सकल घरेलू उत्पाद के 6.4% से सुधरकर वित्त वर्ष 24 में सकल घरेलू उत्पाद का 5.9% हो गया (संशोधित अनुमानों के अनुसार)।

## 3. बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में प्रगति:

वित्त वर्ष 23-24 में भारत के तेजी से बढ़ते आर्थिक परिदृश्य को स्थिर, सुदृढ़ और पर्याप्त रूप से पूंजीकृत बैंकिंग क्षेत्र और अपेक्षाकृत स्थिर घरेलू वित्तीय बाजारों का समर्थन प्राप्त था। बैंकिंग प्रणाली ने जमाराशि विस्तार की तुलना में अधिक ऋण वृद्धि देखी। जहाँ एक ओर वित्त वर्ष 23 में अग्रिमों में 15% की तुलना में 20.18% की वृद्धि हुई, वहीं जमाराशि में वित्त वर्ष 23 के दौरान 9.6% की तुलना में 13.48% की वृद्धि दर रही जो ऋण वृद्धि की तुलना में पिछड़ गई है। सकारात्मक व्यावसायिक दृष्टिकोण, आर्थिक गतिविधि में सुधार और बड़े बैंकों के विलय ने ऋण वृद्धि को बढ़ाया। इसके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 2023-24 में सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) द्वारा दिए जाने वाले नियमित ऋण के प्रमुख चालक बने रहे। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र को ऋण में फरवरी 2024 में 20.1% की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष 15.0% थी। औद्योगिक क्षेत्र को ऋण में वृद्धि पिछले वर्ष के 6.8% से फरवरी 2024 में 8.6% के स्तर पर पहुंच गई। सेवा क्षेत्र को ऋण में एक वर्ष पहले 20.5% की तुलना में फरवरी 2024 में 21.2% की मजबूत वापसी वाली वृद्धि हासिल हुई। हालांकि उच्च ऋण जमा अनुपात और बैंकों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के परिदृश्य में, कम लागत वाली जमाराशि जुटाना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

बैंकिंग क्षेत्र ने उच्च ब्याज दरों के दौर में शुद्ध ब्याज आय में वृद्धि, ऋण लागत में कमी और आस्तियों पर प्रतिफल और इक्विटी पर प्रतिफल जैसे बेहतर दक्षता अनुपातों के कारण मजबूत लाभप्रदता के साथ स्वस्थ तुलनपत्र देखा। पूरे बैंकिंग उद्योग में स्लिपेज पर नियंत्रण, बेहतर अंडरराइटिंग मानकों और जीएनपीए और एनएनपीए अनुपातों में लगातार गिरावट के साथ, वित्त वर्ष 2023-24 में बैंकों की आस्ति गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है।

मुद्रास्फीति की उम्मीदों को नियंत्रित करने के लिए आरबीआई ने मौद्रिक नीति में समायोजन के रुख को वापस लेना जारी रखा और रेपो दरों को अपरिवर्तित रखा। सितंबर 2023 के मध्य में पहली बार, साढ़े चार साल के अंतराल के बाद प्रणाली, चलनिधि घाटे की स्थिति में चली गई और द्वितीय अर्धवर्ष के दौरान त्यौहारी मांग और राज्य चुनावों के कारण बढ़े हुए सरकारी नकदी शेष के मद्देनजर घाटा जारी रहा। विकास पर नज़र रखते हुए चलनिधि की स्थिति को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए, आर.बी.आई ने द्वितीय अर्धवर्ष में चलनिधि की कमी को दूर करने और अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों को पर्याप्त ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए विभिन्न परिवर्तनीय दर रेपो (वीआरआर) परिचालनों के माध्यम से चलनिधि डाली। मार्च के अंत में सरकारी खर्च में वृद्धि के कारण प्रणाली में चलनिधि सुचारू हो गई और शुद्ध चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) से प्रवाह, फरवरी 2024 में 1.78 लाख करोड़ रुपये से घटकर 0.29 लाख करोड़ रुपये रह गया।

वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही के दौरान हेडलाइन मुद्रास्फीति में लगातार गिरावट, नीतिगत दरों पर यथास्थिति तथा बेहतर मानसून पूर्वानुमानों के कारण जी-सेक यील्ड में शुरुआत में नरमी आई। हालांकि, 2023-24 की तीसरी तिमाही में यील्ड में शुरुआत में मजबूती आई, लेकिन उसके बाद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, उम्मीद से कम खुदरा मुद्रास्फीति और प्रमुख वैश्विक उभरते बाजार सूचकांक में भारतीय सरकारी बॉण्ड को शामिल करने के प्रस्ताव और अमेरिकी यील्ड में गिरावट के कारण, इसमें नरमी आई। 10 वर्षीय बेंचमार्क यील्ड में वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में 7.20% से गिरावट आई और यह वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में 7.07% हो गई।

वित्तीय स्थिरता, मजबूत आर्थिक आधार और विदेशी क्षेत्र के स्थिर प्रदर्शन के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में रुपया-यूएसडी विनिमय दर में पिछले वर्षों की तुलना में सबसे कम अस्थिरता देखी गई और यह 82.00 से 83.15 रुपये प्रति यूएसडी के बीच रही। मजबूत अमेरिकी डॉलर और उच्च अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड के बावजूद वित्त वर्ष 2023-24 में रुपया अपने उभरते बाजार प्रतिभागियों और कुछ उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अपेक्षाकृत स्थिर और सबसे कम अस्थिर प्रमुख मुद्राओं में रहा।

बैंकिंग और अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से, संकटों का मुकाबला करने में सक्षम भारत के निर्माण की दिशा में वर्ष 2023-24 उल्लेखनीय रहा और इसमें वित्तीय स्थिरता, जोखिम प्रबंधन और संकट की तैयारी, सुदृढ़ कॉरपोरेट प्रशासन के साथ-साथ मजबूत पर्यवेक्षण द्वारा सहायता प्राप्त एवं स्थितियों के अनुरूप ढलने वाले विनियमन को बढ़ावा देने के लिए विनियामक और सरकार द्वारा उठाए गए कई कदम शामिल हैं। सरकार का प्रयास है कि प्रकृति, आधुनिक बुनियादी ढांचे और सभी के लिए अवसरों के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए, 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने हेतु पूंजीगत व्यय को बढ़ावा दिया जाए और सार्वजनिक निजी भागीदारी विकसित की जाए। इसके अलावा, 2024-25 के अंतरिम केंद्रीय बजट में, सरकार ने रूफटॉप सोलराइजेशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 2 करोड़ घरों का अतिरिक्त कवरेज, स्वयं सहायता समूहों की मदद से लखपति दीदियों की संख्या 2 करोड़ से बढ़कर 3 करोड़ करने का लक्ष्य, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम की औपचारीकरण योजना (पीएमएफएमई) सहित कई उपायों की घोषणा की है जिससे व्यापक आधार पर वृद्धि और समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसलिए वर्तमान परिदृश्य में बैंक, अर्थव्यवस्था में ऋण चालक इंजन होने के नाते विभिन्न क्षेत्रों में ऋण उपलब्धता बढ़ाने, निवेश को बढ़ावा देने और इनके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था की विकास दर में तेजी लाने के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## कारोबार समीक्षा:

### 1. संसाधन संग्रहण:

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 7.03% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि को दर्ज करते हुए कासा में कुल रु. 17,223 करोड़ की वृद्धि हुई है। इस अवधि के दौरान बचत जमाराशियों में वर्ष दर वर्ष 6.85% की वृद्धि के साथ रु.15,163 करोड़ की वृद्धि हुई है। बैंक ने वर्ष दर वर्ष 8.31% की वृद्धि के साथ रु. 2,560 करोड़ की वृद्धि करते हुए चालू जमाराशियों में थोड़ी उच्चतर वृद्धि दर्ज़ की गई है। बैंक की मीयादी जमा राशियों में वर्ष-दर-वर्ष 14.27% की वृद्धि के साथ रु. 44,931 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई है। बैंक की कुल जमा राशियों में वर्ष-दर-वर्ष 11.05% की वृद्धि के साथ रु. 62,654 करोड़ की वृद्धि हुई है।

हमारे बचत पोर्टफोलियो में कुल 38,007 नए एचएनआई बचत ग्राहक जोड़े गए, जिनका प्रति खाता औसत शेष रु. 5,00,000/- एवं उससे अधिक है और इसमें वर्ष-दर-वर्ष 6.10% की वृद्धि हुई है, जिससे बैंक के समग्र बचत पोर्टफोलियो में रु. 5823 करोड़ की अतिरिक्त वृद्धि हुई है।

इसी प्रकार, हमारे चालू खाता पोर्टफोलियो में कुल 3126 नए चालू जमा एचएनआई ग्राहक जोड़े गए, जिनका प्रति खाता औसत शेष रु. 2,00,000/- और उससे अधिक है और इसमें वर्ष-दर-वर्ष 2.47% की वृद्धि हुई है, जिससे बैंक के समग्र चालू जमा पोर्टफोलियो में रु. 2948 करोड़ की अतिरिक्त वृद्धि हुई है।

कासा पर अपने निरंतर फोकस और ग्राहक अधिग्रहण पर जोर देने के साथ, वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में बैंक का कासा अनुपात 43.21% रहा।

### 2. अग्रिम :

बैंक का वैश्विक सकल अग्रिम, यथा 31.03.2023 के रु.5,15,852 करोड़ से बढ़कर यथा 31.03.2024 को रु.5,85,595 करोड़ हो गया है जो वर्ष-दर-वर्ष 13.52% की वृद्धि को दर्शाता है। सकल घरेलू ऋण में 14.08% की संतुलित वृद्धि दर्ज की गयी। यह 31.03.2023 को रु.4,31,637 करोड़ था जो बढ़कर 31.03.2024 को रु. 4,92,392 करोड़ हो गया। बैंक का सकल कॉर्पोरेट ऋण 31.03.2023 को 1,94,100 करोड़ रुपये से बढ़कर 31.03.2024 को 2,17,915 करोड़ रुपये हो गया, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 12.27% की वृद्धि दर्शाता है।

बैंक 9 बृहद कॉर्पोरेट शाखाओं और एजीएम/सीएम की अध्यक्षता वाली अन्य बड़ी शाखाओं के माध्यम से कॉर्पोरेट/मिड कॉर्पोरेट की विशेष आवश्यकताओं को पूरा करता है। इसके अलावा 18 शाखाओं की पहचान प्रमुख शहरों में उभरते कॉर्पोरेट क्रेडिट शाखाओं (ईसीसीबी) के रूप में की गई है। "डिजिटल अर्थव्यवस्था" की अवधारणा के साथ खुद को जोड़ते हुए, बैंक ने इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी (ईबीजी) जारी करना शुरू कर दिया है।

### 3. रिटेल:

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कुल रिटेल ऋण खंड में 18.12% और योजनाबद्ध रिटेल में 17.67% की वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान हमने आवास ऋणों और वाहन ऋणों पर विशेष ध्यान दिया है।

वर्ष के दौरान आवास ऋण सेगमेंट रु. 51,737 करोड़ से बढ़कर रु. 59,107 करोड़ हो गया तथा उसमें 14.25% की वृद्धि दर्ज़ की गई। वर्ष के दौरान वाहन ऋण सेगमेंट रु. 13,534 करोड़ से बढ़कर रु. 16,641 करोड़ हो गया तथा इसमें 22.96% की वृद्धि दर्ज की गई।

हमारे पास वेतनभोगी ग्राहकों, आवास ऋण, संपत्ति पर ऋण (एलएपी) और शिक्षा ऋण का लाभ उठाने वाले मौजूदा ग्राहकों और पेंशनभोगियों के लिए स्टार सुविधा एक्सप्रेस पर्सनल लोन नाम से एक व्यक्तिगत ऋण है। इस व्यक्तिगत ऋण के साथ, बैंक के व्यक्तिगत ऋण खंड में 40.93% की वृद्धि दर्ज की गई, जो रु. 6,909 करोड़ यथा 31/03/2023 से बढ़कर रु. 9,737 करोड़ यथा 31/03/2024 हो गई है।

बैंक ने वाहन ऋणों के लिए मारुति सुज़ुकि, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एण्ड महिंद्रा तथा किआ मोटर्स के साथ टाई-अप व्यवस्था की है। इसी प्रकार, आवास ऋणों के लिए Nobroker.com एवं Prop Tiger के साथ टाई-अप व्यवस्था की है।

पीएसयू/पीएसई/प्रतिष्ठित कॉरपोरेट्स/संस्थाओं के कर्मचारियों को, नियोक्ताओं के साथ टाई-अप व्यवस्था के तहत बैंक व्यक्तिगत ऋण भी उपलब्ध कराता है।

आवास ऋण, वाहन ऋण और व्यक्तिगत ऋणों के अलावा हम संपत्ति पर ऋण और शिक्षा ऋण भी उपलब्ध कराते हैं।

वर्ष के दौरान रिटेल ऋण जैसे व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण और आवास ऋण के लिए एक डिजिटल यात्रा शुरू की गई है।

### 4. एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम):

एमएसएमई क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार है तथा निम्न प्रति व्यक्ति निवेश से अर्थव्यवस्था की विकेंद्रीकृत वृद्धि द्वारा आय और रोजगार के सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एमएसएमई क्षेत्र का योगदान राष्ट्र की कुल जीडीपी में 33% और कुल निर्यात में 50% है।

मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, गति शक्ति और ईज़ रिफॉर्म जैसे कार्यक्रमों पर ध्यान देने के कारण बैंक स्तर पर एमएसएमई ऋणों में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं।

**एमएसएमई खंड के अंतर्गत बैंक का कार्यनिष्पादन निम्नानुसार है:-**

| सकल एमएसएमई अग्रिम (पीडबल्यूओ व यूआरआई को छोडकर) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| विवरण | मार्च-23 | दिस-23 | मार्च-24 | वर्ष दर वर्ष वृद्धि | वर्ष दर वर्ष वृद्धि (%) |
| सकल एमएसएमई | 70777 | 76600 | 77877 | 7100 | 10.03% |

**वित्तीय वर्ष 2023-24 की विशेषताएँ :**

- वित्तीय वर्ष के दौरान 31 मार्च 2024 तक **रु. 24,580 करोड़** की मंजूर सीमा के साथ **4,57,934 नए खाते खोले गए।** इन खातों की बकाया राशि **रु. 17,466 करोड़** है।

- **मुद्रा ऋण-** वित्तीय वर्ष 23-24 के दौरान, बैंक ने रु. 9121 करोड़ की कुल मंजूर राशि पर रु. 8580 करोड़ का संवितरण किया।
- **टीआरईडीएस (TReDS)-** बैंक ने रु. 4000 करोड़ की बकाया सीमा पार कर ली है और मार्च 24 में यह रु. 4142 करोड़ था।
- एमएसएमई पोर्टफोलियो का विस्तार करने और एमएसएमई ऋणों के बाजार में पैठ बनाने के उद्देश्य से एमएसएमई ऋणों की सोर्सिंग के लिए **बिजनेस सोर्सिंग एसोशिएट्स (बीएसए) संबंधी नीति** शुरू की गई है। बीएसए मार्केट में हमारे विस्तारित अंग के रूप में कार्य करेंगे और ग्राहक को बैंक से जोड़ेंगे। इस नीति द्वारा शाखाओं/एमएसएमई-यूसी हेतु एमएसएमई कारोबार लीड जनरेट करने के लिए बीएसए की नियुक्ति की अनुमति होगी। एमएसएमई कारोबार जुटाने के लिए अब तक 602 बीएसए को पैनलीकृत किया गया है।
- **एसएमईसीसी/यूसी का पुनर्गठन:** एसएमईसीसी एवं यूसी की संख्या बढ़कर 116 हो गई है और रु.10 लाख और इससे अधिक के सभी प्रस्तावों का केन्द्रीयकृत प्रसंस्करण सुगमता से हो रहा है।
- बैंक ने 3 स्टार्टअप शाखाओं की पहचान की है, जो स्टार्टअप इकोसिस्टम की जरूरतों को पूरा करेंगी।
- विभाग को एमएसएमई में समग्र कार्यनिष्पादन के लिए प्रतिष्ठित **"स्कॉच अवार्ड 2023"** प्राप्त हुआ था।

## 5. कृषि वित्त:

**प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम** :

बैंक ग्रामीण और अर्ध-शहरी शाखाओं के अपने नेटवर्क के माध्यम से प्राथमिकता और कृषि क्षेत्रों को सेवा प्रदान कर रहा है। बैंक ने प्राथमिक प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत रु. 1,83,459 करोड़ (मार्च 24 के एएनबीसी औसत का 44.10%) की बकाया राशि के शानदार स्तर को प्राप्त किया है। इसमें कृषि क्षेत्र के अंतर्गत रु. 84,445 करोड़ (मार्च 24 के एएनबीसी औसत का 20.30%) है। जिसमें से कृषि के अंतर्गत लघु एवं सीमांत किसानों को रु. 53,362 करोड़ (मार्च 24 के एएनबीसी औसत का 12.83%) का ऋण शामिल है। एस.एम.ई के अंतर्गत रु. 75605 करोड़ का ऋण दिया गया है जिसमें एम.एस.एम.ई सूक्ष्म क्षेत्र में रु. 43128 करोड़ (मार्च 24 के एएनबीसी औसत का 10.37%), शिक्षा में रु. 2,331 करोड़, आवास में रु. 21,015 करोड़ तथा अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को ऋण की श्रेणी में रु. 12 करोड़ शामिल है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राथमिकता क्षेत्र, एस.एफ तथा एम.एफ, एम.एस.एम.ई - सूक्ष्म तथा कमजोर वर्गों को ऋण के अंतर्गत, विनियामक अनुपातों को प्राप्त किया है।

(राशि करोड़ में)

| मद | वास्तविक बकाया राशि मार्च -23 (लेखापरीक्षित) | वास्तविक बकाया राशि दिसंबर -23 (लेखापरीक्षित) | वास्तविक बकाया राशि मार्च -24 (लेखापरीक्षित) | वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि (मार्च 23/मार्च 24) | | ए.एन.बी.सी मार्च 24 तिमाहियों का % | विनियामकीय आवश्यकताएँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | राशि | % | | |
| **एएनबीसी** | **3,83,380** | **4,07,346** | **4,16,035** | | | | |
| 1) कृषि | 72,379 | 80,351 | 84,445 | 12,066 | **16.67** | **20.30** | **18** |
| 2) लघु एवं सीमांत किसान | 43,253 | 51,652 | 53,362 | 10,109 | **23.37** | **12.83** | **10** |
| 3) सूक्ष्म उद्यम | 43,137 | 45,497 | 43,128 | -9 | **-0.02** | **10.37** | **7.5** |
| प्राथमिकता क्षेत्र | **1,64,445** | **1,77,877** | **1,83,459** | **19,014** | **11.56** | **44.10** | **40** |

* आरआईडीएफ एवं पीएसएलसी के बकाया सहित कुल कृषि एवं प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र।

कृषि के अंतर्गत बैंक की शाखाओं ने रु. 43,171 करोड़ संवितरित किए जबकि वित्त वर्ष के दौरान 2023-24 के दौरान लघु एवं सीमांत किसानों को कुल रु. 32,084 करोड़ संवितरित किए गए। वर्ष के दौरान, बैंक ने लचीले रूप से ऋण उपयोग के लिए रु. 3,645 करोड़ की ऋण सीमा के साथ 1.55 लाख केसीसी जारी किए हैं। यथा मार्च 2024, अल्पसंख्यक समूहों को बैंक का ऋण एक्सपोज़र रु.15,865 करोड़ है (प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण का 8.65%)। दिनांक 31.03.2024 को कमजोर वर्गों के अंतर्गत बकाया राशि रु. 66,287 करोड़ (विव 23-24 हेतु 15.93% है)। यथा 31.03.2024, खाद्य एवं कृषि उद्योग को बैंक का वित्तपोषण रु. 8,861 करोड़ है।

**स्वर्ण ऋण:** स्वर्ण ऋण में प्रगतिशील वृद्धि आधार पर वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान रु. 5,387 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई और यह 31.03.2024 को रु 27553 करोड़ हो गया।

**स्वयं सहायता समूह (एसएचजी)** : यथा 31.03.2024 को बैंक के पास 7.10 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) का ग्राहक आधार है जिसमें से यथा 31.03.2024 को 3.28 लाख एस.एच.जी को ऋण सुविधा से जोड़ा गया है तथा इसमें से 2.97 लाख महिला एस.एच.जी हैं।

**राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम)** : ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों के जीवन से गरीबी उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) एक महत्वपूर्ण योजना है। वर्ष के दौरान बैंक ने इस योजना के अंतर्गत 1.04 लाख एसएचजी को रु. 6023.81 करोड़ की राशि के ऋण मंजूर किये गये हैं।

**स्टार कृषि विकास केंद्र (एसकेवीके)-** वर्तमान में 13 एफ़जीएमओ के 62 अंचलों में 150 एसकेवीके कार्यरत हैं। एसकेवीके ने विगत विव 2023-24 में रु. 13,757 करोड़ संवितरित किए हैं। इसके अलावा, कृषि पोर्टफोलियो में केंद्रित और गुणवत्तापूर्ण विकास के लिए एसएमईसीसी/यूसी में 111 कृषि डेस्क संचालित हैं।

**अग्रणी बैंक योजना** : बैंक के पास 51 जिलों में अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी है जो पाँच राज्यों यथा झारखण्ड (15), महाराष्ट्र (14), मध्य प्रदेश (13), उत्तर प्रदेश (07) तथा ओडिशा (2) - में फैले हुए हैं। बैंक झारखण्ड राज्य में राज्य स्तरीय बैंकर समिति (एसएलबीसी) का संयोजक भी है।

## 6. वित्तीय समावेशन:

बैंक यह मानता है कि वित्तीय समावेशन के माध्यम से व्यवसाय करना व्यावहारिक है तथा इस दिशा में बैंक ने अपने दृष्टिकोण को "सीएसआर" से "आर्थिक व्यवहार्यता" की ओर मोड़ दिया है। वित्तीय क्षेत्र की अपेक्षानुसार अत्यंत कम लागत के संव्यवहारों को समर्थित करने एवं संरक्षित करने हेतु आईसीटी आधारित समाधान का प्रयोग किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) से वित्तीय समावेशन अभियान को गति प्राप्त हुई है। आईसीटी द्वारा समर्थित व्यापार संपर्की मॉडल के नेतृत्व में आई.सी.टी. के माध्यम से उन ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक ने ये सेवाएं दी हैं जहाँ बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं।

**पीएमजेडीवाई एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ:**

वित्त वर्ष (23-24) के दौरान 17.15 लाख पीएमजेडीवाई खाते खोले गए हैं। भारत सरकार द्वारा चलाई गई सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में बैंक की सक्रिय भागीदारी रही है। वर्ष (2023-24) के दौरान बैंक ने पीएमएसबीवाई (प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना) के अंतर्गत 77.73 लाख खाते एवं पीएमजेजेबीवाई (प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना) के तहत 9.38 लाख खाते इस अवधि में कवर किए गए हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में बैंक द्वारा ए. पी. वाई. (अटल पेंशन योजना) के 7.10 लाख नए अभिदाता जोड़े गए हैं।

**स्टार हॉकर आत्मनिर्भर लोन (एसएचएएल):**

स्टार हॉकर आत्मनिर्भर लोन (एसएचएएल)- पीएमस्व:निधि की शुरुआत जून 2020 में की गयी थी ताकि श्रंखला -I के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को 12 ईएमआई में चुकाने योग्य 10,000/- तक का परेशानी मुक्त कार्यशील पूंजी मांग ऋण प्रदान किया जा सके। पीएमस्वनिधि के तहत दूसरी श्रंखला उन स्ट्रीट वेंडर्स के लिए जिन्होंने अपना पहला पीएमस्व:निधि ऋण चुकाया है। किस्त -II के तहत, डब्ल्यूसीडीएल रु. 20000/-(न्यूनतम रु.15000/-) तक स्ट्रीट वेंडरों को प्रदान करता है और यह 18 महीने की किस्तों में चुकाने योग्य है। किस्त –III के तहत, डब्ल्यूसीडीएल रु. 50000/-(न्यूनतम रु. 30000/-) तक स्ट्रीट वेंडरों को प्रदान करता है और यह 36 महीने की किस्तों में चुकाने योग्य है।

दिनांक 31/03/2024 तक, हमने कुल प्राप्त 6.18 लाख आवेदनों में से 5.99 लाख आवेदन (97%) मंज़ूर किए हैं एवं कुल 5.93 लाख (99%) संवितरित किए हैं।

**पीएम विश्वकर्मा**

कारीगरों और शिल्पकारों के लिए दिनांक 17.09.2023 को पीएम विश्वकर्मा का शुभारंभ किया गया जो अपने हाथों और औजारों से काम करते हैं, जैसे लोहार, सुनार, कुम्हार, बढ़ई, मूर्तिकार आदि जो स्व-रोजगार और अर्थव्यवस्था के अनौपचारिक या असंगठित क्षेत्र का हिस्सा होते हैं और व्यवसायों में लगे हुए होते हैं, ये विश्वकर्मा कहलाते हैं। ये कौशल या व्यवसाय पारंपरिक प्रशिक्षण के गुरु-शिष्य मॉडल के बाद पीढ़ी-दर-पीढ़ी पारित किए जाते हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे घरेलू और वैश्विक मूल्य शृंखलाओं के साथ एकीकृत हैं। इसका लक्ष्य विश्वकर्मा (18 लक्षण) यानी कारीगरों और शिल्पकारों को समग्र समर्थन प्रदान करना है, ताकि उन्हें अपने संबन्धित व्यापार में मूल्य शृंखला को आगे बढ़ाने में सक्षम बनाया जा सके। यह योजना एमएसएमई, डीएफ़एस और वित्त मंत्रालय द्वारा लागू की गई है। एमएसएमई मंत्रालय इस योजना के लिए नोडल मंत्रालय है। पीएम विश्वकर्मा को शुरुआत में 2027-28 तक पाँच साल के लिए लागू किया गया है। इसमें रु. 1,00,000 तक का ऋण पहली किस्त में 5% ब्याज दर (निर्धारित) पर प्रदान किया जाएगा, जिसे 18 महीने में चुकाना होगा। रु. 2,00,000 तक का ऋण दूसरी किस्त में 5% ब्याज दर (निर्धारित) पर प्रदान किया जाएगा, जो 30 महीनों में चुकाना होगा। लाभार्थी दूसरी किस्त के लिए तब पात्र होगा जब पहली किस्त का ऋण पूरी तरह से चुका दिया जाएगा। इसके अलावा, पहली किस्त के ऋण के वितरण के छह महीने से पहले दूसरा ऋण नहीं दिया जाएगा। एमओएमएसएमई बैंक को अग्रिम रूप से 8% की दर से ब्याज सहायता प्रदान करेगा। हमारे बैंक द्वारा 31.03.2024 तक पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कोई ऋण मंजूर नहीं किया गया है।

**स्टार स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी):**

बैंक झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र एवं पश्चिम बंगाल राज्य में ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण देने हेतु 43 आरएसईटीआई को प्रायोजित कर रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान आरसेटी ने 1227 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए एवं 35,448 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया और 77.00% (27249) का नियोजन सुनिश्चित करते हुए 60% (16147) अभ्यर्थियों ऋण प्रदान किया गया ताकि लाभकारी रोजगार प्राप्त करने में उनकी मदद की जा सके। एमओआरडी द्वारा हमारी 43 आरसेटी को "AA" श्रेणी दी गई हैं।

**वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केंद्र (एफएलसीसी):**

एफएलसीसी/ एफएलसी की स्थापना भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के जिला केंद्रों में की गई है, जहाँ बैंक के पास अग्रणी बैंक की ज़िम्मेदारी है। बैंक की 51 एफ़एलसी सभी 51 अग्रणी जिलों में कार्यरत हैं। प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा एफएलसी मामला-दर-मामला आधार पर दबावग्रस्त उधारकर्ताओं के लिए उपचारात्मक परामर्श तथा संचार माध्यमों , कार्यशालाओं और संगोष्ठियों के माध्यम से निवारक परामर्श भी देते हैं। 31 मार्च 2024 तक, कुल 18.67 लाख जरूरतमंद संकटग्रस्त लोगों को परामर्श दिया गया।

**वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल): पायलट परियोजना**

आरबीआई से 10 दिसंबर 2020 के पत्र के संदर्भ में, हमें सूचित किया गया कि आरबीआई ने देश के प्रत्येक ब्लॉक में मार्च 2024 तक सीएफएल की पहुँच को चरणबद्ध तरीके से विस्तार करने की घोषणा की थी। हम सीएफ़एल पायलट प्रोजेक्ट चरण-I के प्रारंभिक कार्यान्वयन के बाद से एक प्रयोजक बैंक के रूप में जुड़े हुये है, जो अब 01.12.2021 तक बढ़ गया है। हमें प्रायोजक बैंक द्वारा आंशिक वित्तपोषित करते हुए जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता (डीईए)/ वित्तीय समावेशन निधि (एफ़ईएफ) द्वारा पहले चरण में 106 सीएफएल एवं दूसरे चरण में 45 सीएफएल (दिसंबर 2022) को प्रायोजित करने की जिम्मेदारी दी गई है। तदनुसार, हमने 1 दिसंबर 2021 से आरबीआई द्वारा पहचाने गए पाँच एन. जी. ओ. के सहयोग से पाँच राज्यों (झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश) में 151 सीएफएल खोले/बढ़ाए हैं। समग्र रूप से, 31.03.2024 तक कुल 151 सीएफएल ने 1,27,265 शिविर आयोजित किए एवं कुल 40,94,692 संकटग्रस्त लोगों को परामर्श दिया गया।

**क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक:**

विलय के पश्चात, हम 3 आरआरबी को प्रायोजित कर रहे हैं, यथा उत्तर प्रदेश में आर्यावर्त बैंक (एबी), मध्य प्रदेश में मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक (एमपीजीबी) एवं महाराष्ट्र राज्य में विदर्भ एवं कोंकण ग्रामीण बैंक (वीकेजीबी), जिनमें यथा 31.03.2024 को 82 जिलों में 2554 शाखाओं का नेटवर्क है। इन सभी प्रायोजित आरआरबी का प्रबंधन बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा प्रतिनियुक्त अध्यक्ष द्वारा प्रबंधित किया जाता है और इनके कार्यनिष्पादन

की प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक एफआई एवं आरआरबी (प्रभाग) द्वारा निगरानी की जाती है। सिस्टम जनरेट रिपोर्ट सुविधा के साथ तीनों आरआरबी की शाखाएँ एवं प्रशासनिक कार्यालय सीबीएस प्लेटफार्म पर है। इन आरआरबी में आरटीजीएस, एनईएफटी एवं एटीएम प्लेटफार्म की सुविधा है। हमारी सभी आरआरबी का कुल मिश्रित कारोबार यथा दिनांक 31.03.2024 को रु. 1,04,765.80 करोड़ हैं।

## 7. अंतरराष्ट्रीय

बैंक की कुल 22 विदेशी शाखाएँ, जकार्ता (इंडोनेशिया) में 1 प्रतिनिधि कार्यालय, 4 समनुषंगी संस्थाएँ तथा 1 सहयोगी/संयुक्त उद्यम हैं, जो कि सभी टाइम ज़ोन में स्थित 5 महाद्वीपों के 15 देशों में फैले हुये हैं। दिनांक 31.03.2024 तक बैंक के वैश्विक कारोबार मिश्र में विदेशी परिचालनों का हिस्सा 15.21% रहा है।

विदेशी समनुषंगी संस्थाएँ एवं सहयोगी :

i) पीटी बैंक ऑफ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके

ii) बैंक ऑफ इंडिया (तंज़ानिया) लिमिटेड

iii) बैंक ऑफ इंडिया (न्यूजीलैंड) लिमिटेड

iv) बैंक ऑफ इंडिया (युगांडा) लिमिटेड

v) इंडो- ज़ाम्बिया बैंक लिमिटेड (आईज़ेडबी) - संयुक्त उद्यम

## 8. ऋण निगरानी:

बैंक के ऋणों की आस्ति गुणवत्ता को बनाए रखने तथा उसमें सुधार लाने तथा ऋण जोखिम को कम करने के लिए ऋणों की निगरानी अनिवार्य है। स्वीकृत शर्तों के अनुपालन तथा निधियों के सही इस्तेमाल को सुनिश्चित करना ऋण निगरानी का मुख्य उद्देश्य है। इसके अतिरिक्त यह सुनिश्चित करना कि ऋण आस्तियाँ मानक श्रेणी में ही रहें, चिह्नित दबावग्रस्त खातों/निगरानी के अधीन खातों को अपग्रेड करने का प्रयास किया जाए तथा सुधारात्मक कार्रवाई की जाए ताकि खातों को मानक श्रेणी से अवमानक श्रेणी में जाने से रोका जा सके। कमजोरी के संकेत/चूक की संभावना/डिलिक्वेंसी वाले दबावग्रस्त खातों को पहचानने तथा उनकी निगरानी करने के लिए, विभाग, विभिन्न उपकरण तथा पद्धतियों का प्रयोग कर रहा है ताकि संभावित स्लिपेज को प्रभावी तरीके से रोका जा सके तथा आस्ति की अच्छी गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जा सके।

**प्रभावी निगरानी तथा नियंत्रण के उपाय:-**

**पूर्व चेतावनी संकेत :**

हमारे बैंक में अगस्त, 2020 से पूर्ण रूप से तकनीकी आधारित ईडब्ल्यूएस समाधान की शुरूआत की गई है। अच्छी प्रकार से परिभाषित अंतर्निहित कार्य-प्रवाह के साथ, हमारा ईडब्ल्यूएस पूर्णत: स्वचालित समाधान है। आंतरिक (सीबीएस एवं रेटिंग डाटा) तथा बाह्य डाटा (एमसीए, सीआईसी इत्यादि) दोनों के आधार पर चेतावनी जनरेट होती है। जनरेट की गई चेतावनी आरंभिक कमजोरी को पहचानने तथा समय से सक्रिय सुधारात्मक उपाय करने में बैंक की सहायता करती है। यह उपाय खातों में धोखाधड़ी (यदि कोई हो) की शीघ्र पहचान करने में सहायता करता है। यह समाधान उपयुक्त प्रणाली / कार्रवाई के साथ खातों की सघन निगरानी हेतु शाखाओं को समर्थ भी करता है। वर्तमान में रु.1.00 करोड़ से अधिक एक्सपोजर वाले खातों में ईडब्ल्यूएस अलर्ट तैयार किए जा रहे हैं और चालू वित्त वर्ष के दौरान रु.25.00 लाख से अधिक एक्सपोजर वाले खातों के लिए इसे उत्पन्न करने का प्रस्ताव किया जा रहा है।

**ऋण आरएफए/धोखाधड़ी परीक्षण :**

डीएफएस के निदेशों के अनुसार रु. 50 करोड़ और इससे ऊपर के सभी एनपीए खातों का परीक्षण धोखाधड़ी के दृष्टिकोण से किया जाना है। अत: विभाग अनिवार्य रूप से रु.50 करोड़ तथा इसके ऊपर के खातों का परीक्षण धोखाधड़ी के दृष्टिकोण कर रहा है। इसके अतिरिक्त जहाँ भी ईडब्ल्यूएस खाते में कुछ भी संदेहास्पद दिखता है तो उसे तत्काल रेड फ्लैग के लिए परीक्षित किया जाता है तथा इसके बाद विनियामकीय समय-सीमा के अंदर निर्णय के लिए धोखाधड़ी परीक्षण की प्रक्रिया आरंभ की जाती है।

**क्रिलिक रिपोर्टिंग :**

एसएमए श्रेणी में खाते के चिन्हित होते ही न्यूनीकरण के कदम जैसे नियमन, पुनर्रचना आदि अनुवर्ती कार्रवाई को उत्प्रेरित करता है। आरबीआई के संशोधित दिशा-निर्देशों को अनुसार रु. 5 करोड़ तथा इससे अधिक की ऋण सीमा वाले दबावग्रस्त खातों को साप्ताहिक/मासिक आधार पर क्रिलिक प्लेटफॉर्म पर आरबीआई को रिपोर्ट किया जाता है।

**सिस्टम से आस्ति का वर्गीकरण (सास्कल) :**

सास्कल एक संभावना बताने वाला प्रोग्राम हैं जो वसूली के रिकॉर्ड के आधार पर दो माह से अधिक की अवधि की अतिदेयता को प्रदर्शित करते हुए संभावित स्लिपेज को पहचानता है साथ ही इसमें तीन माह से अधिक तक स्टॉक / क्यूआईसी स्टेटमेंट, सीसी खातों में अपर्याप्त/कोई जमा न होना जैसी तकनीकी वित्तीय अनियमितता प्रदर्शित करने वाले खातों को भी शामिल किया जाता है। इस संबंध में यदि समय पर सुधारात्मक कार्रवाई न की जाए तो इससे खाता डाउनग्रेड हो सकता है। मानक आस्तियों की डाउनग्रेडिंग को रोकने के लिए विशेष तौर पर विभिन्न विभागों द्वारा इन खातों की निगरानी की जाती है। एक नवीन सास्कल प्रारूप बनाया गया है जो कि अधिक प्रयोगकर्ता-अनुकूल होने के साथ-साथ फील्ड के लिए अधिक सही तरीके से सूचनाएं प्रदान करेगा। आगे बढ़ते हुए, हम पहली बार में सास्कल की भविष्य सूचक अवधि को कम करके एक सप्ताह करने का प्रस्ताव करते हैं और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान दैनिक रूप से सास्कल के उत्पन्न और एनपीए के चिंहांकन की ओर बढ़ने की योजना बना रहे हैं।

**एसएमए निगरानी :**

सास्कल के अतिरिक्त, इस वर्ष एसएमए निगरानी पर ध्यान दिया जाएगा। शाखाएँ एसएमए 0 खातों की निगरानी शुरू करने के लिए अनुशासित की जाएंगी ताकि आरंभ में ही उपचारात्मक कार्रवाई की जा सके और संबंधित खाते एसएमए 1 या सास्कल में न जा सके। हमारी योजना है कि एसएमए डाटा एफ़जीएमओ (वर्तमान परिपाटी) के स्थान पर सीधे शाखाओं को भेजे जाएं। यह देखा गया है कि एसएमए का लगभग 50% खुदरा (रिटेल) ऋणों

द्वारा योगदान दिया जाता है और इसलिए हमारा विभाग परंपरागत खातों में ईसीएस/ईएनएसीएच अधिदेश के पंजीकरण के लिए अनुवर्ती कार्रवाई कर रहा है।

**आंचलिक वसूली केंद्र (ज़ेडसीसी):**

सभी अंचलों में अगस्त 2023 में आंचलिक वसूली केंद्र (ज़ेडसीसी) का गठन किया गया था। जेडसीसी का प्राथमिक उद्देश्य अंचल के सीआरएमडी में अन्य अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले क्रेडिट निगरानी के अन्य मामलों के साथ एसएमए को कम करने पर ध्यान केंद्रित करना है। जेडसीसी रु. 25 लाख और उससे अधिक के एसएमए खाते के लिए जिम्मेदार होगा, जिसमें एसएमए को नियमित श्रेणी में वापस लेने का लक्ष्य रखा गया है।

उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे उधारकर्ताओं को खाते के एसएमए श्रेणी में जाने के परिणामों के बारे में शिक्षित करें और परामर्श दें, जिसमें बिगड़ते क्रेडिट स्कोर और ऋण राशि तथा ब्याज दरों पर समझौता वार्ता की शक्ति के कम होने पर विशेष जोर दिया जाए। ज़ेडसीसी सदस्यों को उधारकर्ता पर संपूर्ण अतिदेय और संकटपूर्ण राशि का भुगतान करने के लिए जोर देना भी आवश्यक है। शीघ्र चुकौती से बेहतर क्रेडिट स्कोर और बेहतर ब्याज दर के लिए समझौता वार्ता करने की क्षमता बढ़ेगी। जेडसीसी सदस्यों को उधारकर्ता को अपने प्राथमिक सक्रिय (ऑपरेटिव) खाते को हमारे बैंक में स्थानांतरित करने के लिए भी जोर देना चाहिए। उन्हें रिटेल उधारकर्ताओं के व्यावसायिक खातों के अधिग्रहण के लिए भी जोर देना चाहिए।

यदि उधारकर्ता अपने प्राथमिक सक्रिय खाते को हमारे बैंक में स्थानांतरित करने में सक्षम नहीं हैं, तो जेडसीसी सदस्यों को ईसीएस/एनएसीएच/ई-एनएसीएच प्राप्त करना चाहिए

रु. 25.00 लाख से कम एक्सपोजर वाले खातों के लिए, अनुवर्ती कार्रवाई (फॉलो-अप) की मुख्य जिम्मेदारी शाखा की है, हालांकि, यदि आवश्यक हो, तो उन्हें पूर्व-स्टाफ और बीसी की सेवाओं का लाभ उठाने की अनुमति दी जाती है और इसके लिए फील्ड पर कार्य करने वाले अधिकारियों को उपयुक्त निर्देश दिए जाने चाहिए।

**वसूली प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस) :**

हमने वसूली प्रबंधन प्रणाली को कार्यान्वित कर दिया है, जो शाखा के अधिकारियों को डिजिटल प्लैटफार्म उपलब्ध करा कर एसएमए/डीएनपीए पोर्टफोलियो को प्रबंधित करने में हमारी मदद करेगा। प्रस्तावित समाधान के काम का दायरा निम्नलिखित है :-

- एसएमए जोखिम ग्रेडेशन
- सभी प्रासंगिक जानकारी जैसे अतिदेय राशि/पता/संपर्क विवरण इत्यादि के साथ एसएमए/डीएनपीए सूची
- एसएमए गतिविधि (मूव्मेंट) की ट्रैकिंग (रोल फॉरवर्ड/बैकवर्ड)
- वसूली कार्रवाई तथा भुगतान करने के वादे (पीटीपी) सहित ग्राहक की प्रतिक्रिया को अपडेट करना
- पूर्व के पत्राचार की विजिबिलिटी
- उधारकर्ता को एसएमएस/आईवीआर/ईमेल से अनुस्मारक भेजना
- सुधारात्मक सुझाव कार्रवाई
- आउटबाउंड कॉलिंग के माध्यम से ग्राहक की प्रतिक्रिया को दर्ज करने के लिए कॉल सेंटर के साथ समेकन
- फील्ड अधिकारी के लोकेशन के आधार पर जियो टैगिंग तथा अगले दौरे का सुझाव
- शाखा/आंचलिक कार्यालय/एफ़जीएमओ/एचओ के लिए एमआईएस

**ऋण प्रक्रिया लेखापरीक्षा (सीपीए):**

ऋण प्रक्रिया की लेखा परीक्षा (सीपीए) यह सुनिश्चित करने के लिए की जाती है कि स्वीकृति की संवितरण पूर्व और संवितरण पश्चात् शर्तों/अनुबंधों का अनुपालन किया जा रहा है। सीपीए का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना भी है कि संवितरण करने वाले अधिकारी द्वारा बैंक निधियों का संवितरण करने से पूर्व, प्रतिभूति के सृजन / प्रतिभूति की पूर्णता हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं ताकि उक्त प्रतिभूतियों की प्रवर्तनीयता सुनिश्चित की जा सके। अब, सीपीए रियल टाइम में निगरानी के लिए फिनेकल के साथ एकीकृत किया गया है।

**पीएसआरएस संवीक्षा एवं प्रमाणपत्र:**

पीएसआरएस मंजूरी/मूल्यांकन की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने और सुनिश्चित करने हेतु एक महत्वपूर्ण साधन है जिसका आस्ति संविभाग पर असर पड़ता है और बदले में बैंक की लाभ प्रभादत्ता में वृद्धि होती है। हम एफजीएमओ स्तर पर दी गई मंजूरी के संबंध में रु.5 लाख और उससे अधिक के एक्सपोजर वाले सभी खातों के लिए समय पर मंजूरी उपरांत समीक्षा प्रणाली की संवीक्षा भी करते हैं और यह भी सुनिश्चित करते हैं कि यह अभ्यास एफजीएमओ और आंचलिक स्तर पर आयोजित किया जाए।

**ऋण निरीक्षण:**

रु. 5 लाख की सीमा वाले खातों की समीक्षा के लिए ऋण निरीक्षण के माध्यम से खातों की समीक्षा की एक प्रणाली बनाई गई है।

**स्टॉक लेखापरीक्षा :**

हम पात्र खातों में स्टॉक एवं प्राप्य राशियों के संबंध में समयपूर्वक लेखापरीक्षा किया जाना सुनिश्चित करते हैं ताकि जब भी आवश्यक हो, सक्रिय/सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। वर्तमान में स्टॉक की लेखापरीक्षा उन मानक अग्रिम खातों के संबंध में लागू हैं, जिनका कार्यशील पूंजी एक्सपोजर रु.5 करोड़ तथा उससे अधिक है। इसे सालाना आयोजित करना आवश्यक है। कमजोरी के अंतर्निहित संकेत दिखाने वाली आस्तियों, जैसे कि खराब स्थिति, साख पत्र के तहत अतिदेय बिल, गारंटी का लागूकरण, समीक्षा हेतु लंबित आदि, जो बैंक की गुणवत्ता के लिए खतरा पैदा करते हैं, विभिन्न प्लेटफार्मों और स्तरों पर टेलीविडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है।

स्टॉक ऑडिट एमआईएस के लिए फिनैकल में एक नया स्टॉक ऑडिट मेन्यू (STKADT) विकसित किया गया है जो किसी लागू खाते में स्टॉक ऑडिट

की स्थिति के विषय में समय पर जानकारी प्राप्त करने में हमें सक्षम करेगा।

**एनपीए का दैनिक अंकन :**

दिनांक 15.04.2021 से बैंक के एनपीए की पहचान और नियामक दिशानिर्देशो के अनुपालन में अधिक पारदर्शिता लाने हेतु एनपीए के दैनिक अंकन को आरंभ किया गया है।

**पुनर्गठित खातों की निगरानी (आरएफसीआरएस पोर्टफोलियो) :**

आरएफसीआरएस के तहत पुनर्संरचित खातों के आस्ति की गुणवत्ता की रक्षा के लिए, प्रधान कार्यालय स्तर पर एक समर्पित टीम का गठन किया जाता है जो उधारकर्ताओं को व्यक्तिगत कॉल के माध्यम से समय पर अनुस्मारक देना सुनिश्चित करता है। इसके अलावा, डीएनपीए उधारकर्ताओं सहित सभी आरएफसीआरएस उधारकर्ताओं को प्रधान कार्यालय स्तर से एसएमएस भेजे जा रहे हैं।

**कॉल सेंटर से रिमाइंडर कॉल:**

हमारे कॉल सेंटर में कार्यरत 50 लोगों की एक समर्पित टीम अग्रिमों की निगरानी के लिए काम कर रही है। वे एसएएससीएल और एसएमए उधारकर्ताओं को कॉलिंग करते हैं।

**विशिष्ट निगरानी के लिए एजेंसियां (एएसएम):**

आईबीए के दिशानिर्देशों के अनुसार रु. 250 करोड़ से अधिक के कुल बैंकिंग एक्सपोजर वाले खातों और नवरत्न खातों और पीएसयू/सरकारी गारंटी खातों जैसे कुछ छूट वाले श्रेणी के खातों को छोड़कर, विशेष प्रकृति के एक्सपोजर वाले खातों में एएसएम (विशेषीकृत निगरानी के लिए एजेंसियां) को नियुक्त किया जाता है। जहां भी आवश्यक हो, हम दबावग्रस्त खातों में एएसएम की सेवाएं भी ले रहे हैं।

**आईआरएसी एवं पी स्वचालन:**

आरबीआई ने दिनांक 14.09.2020 के अपने परिपत्र सं: आरबीआई/2020-21/37 संदर्भ सं: डीओएस.सीओ.पीपीजी.एसईसी.03/11.01.005/2020-21 दिनांक 14.09.2020 के माध्यम से सभी बैंकों को सूचित किया है कि वे दिनांक 30.06.2021 तक अपनी प्रणालियों को अद्यतन (अपग्रेड) करें ताकि पहचान, आय निर्धारण, एनपीए/एनपीए के रूप में अग्रिम/निवेश का आस्ति वर्गिकरण, संबन्धित विवरणियों का अर्जन एवं प्रावधानीकरण की प्रक्रियाओं को पूरी तरह से स्वचालित किया जा सके। तदनुसार, हमने अपने बैंक में आईआरएसी एवं पी मानक के स्वचालन के कार्यान्वयन के लिए कदम उठाए हैं।

**बीओआई पल्स - घरेलू एमआईएस प्रणाली की शुरुआत:**

प्रका आईटी और एमआईएस के सहयोग से, हमने फील्ड स्तर पर कार्यरत अधिकारियों को दैनिक आधार पर एसएमए और डीएनपीए डेटा की दैनिक स्थिति की प्राप्ति के लिए घरेलू (इन-हाउस) रिपोर्टिंग सिस्टम (बीओआई-पल्स) शुरू किया है। हमारे विभाग से संबंधित इस जानकारी के अतिरिक्त, मॉड्यूल में सत्रह रिपोर्टें उपलब्ध कराई गईं, जैसे नवीनतम एसएमए, पुनरावर्ती एसएमए, मूल्यांकन समाप्ति, स्टॉक स्टेटमेंट समाप्ति, समीक्षा समाप्ति, टीएल/डीएल आदि में भविष्य की मांगें, ताकि एफजीएमएस/अंचल/शाखाएं अग्रिमों की प्रभावी निगरानी के लिए तैयार जानकारी का लाभ उठा सकें।

**वसूली प्रबंधन प्रणाली पोर्टल की शुरुआत:**

एसएमए और डीएनपीए खातों में वसूली निगरानी बढ़ाने के लिए सीएमएस पोर्टल लागू किया गया है। पोर्टल परस्पर सक्रिय है, जहां उपयोगकर्ता संपर्क, भुगतान वचन (पीटीपी) तिथि, पीटीपी स्थिति, टिप्पणियां और फील्ड विजिट रिपोर्ट अपलोड करने जैसी जानकारी प्रदान करके वसूली स्थिति को अद्यतन कर सकता है।

**पे-लिंक के माध्यम से एसएमए खातों में वसूली:** एसएमए खातों में हमारी वसूली को मजबूत करने के लिए, बैंक कई भुगतान चैनलों के माध्यम से तत्काल भुगतान करने के लिए एसएमए उधारकर्ता को अनुस्मारक एसएमएस में अनुकूलित पे-लिंक साझा करेगा। यह सुविधा हमारे एसएमए उधारकर्ता को अन्य बैंक में रखे गए खातों को डेबिट करके अपने ऋण खाते में भुगतान करने में सक्षम बनाएगी

**अन्य निगरानी उपकरण:**

- अनुपालन स्तर को मजबूत करने के लिए लागू किए गए पूर्व वितरण और वितरण के बाद के अनुबंधों की केंद्रीकृत निगरानी।
- ईडब्ल्यूएस के पालन पर खातों की रेड फ्लैगिंग और नियामक दिशानिर्देशों के संदर्भ में एक निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर धोखाधडी के दृष्टिकोण की जांच के लिए नीतियां है। एक बार खाते को धोखाधड़ी घोषित कर देने के बाद, आरबीआई के सीआरआईएलसी प्लेटफॉर्म में तत्काल रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाती है।
- सभी एसएमए उधारकर्ताओं/ एवं सभी सीसी/ओडी और टीएल उधारकर्ताओं को चुकौती सूचना के लिए एसएमएस भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा स्थानीय भाषाओं में भी एसएमएस तथा आईविआर भेजे जा रहे हैं।
- खातों की अलग सूची जहां समीक्षा एक महीने से अधिक के लिए अतिदेय है और जहां स्टॉक विवरण एक महीने से अधिक के लिए देय है, तकनीकी स्लिपेजेस से बचने के लिए मासिक अंतराल पर शाखाओं को प्रदान किया जा रहा है।

## 9. अनर्जक आस्तियां

(करोड़ों में)

| मापदंड | मार्च 23 वास्तविक | मार्च 24 वास्तविक |
|---|---|---|
| सकल एनपीए | 37,686 | 29,183 |
| निवल एनपीए | 8,054 | 6,845 |
| सकल एनपीए % | 7.31% | 4.98% |
| निवल एनपीए % | 1.66% | 1.22% |

- वर्ष-दर-वर्ष आधार पर, सकल एनपीए में समग्र रूप से 22.56% का सुधार हुआ है जबकि जीएनपीए% में 233 बीपीएस (7.31% से 4.98%) का सुधार हुआ है। लक्षित जीएनपीए% वि व 25 के लिए 3.5% से कम है।

- निवल एनपीए में समग्र रूप से 15% का सुधार है जबकि एनएनपीए% में 44 बीपीएस (1.66% से 1.22%) का सुधार हुआ।
- नकद वसूली एवं प्रारंभिक जीएनपीए का उन्नयन इ वि व 23 में 15.86% के सुधार के साथ वि व 24 में 16.73% रहा है।
- वि व 24 के दौरान, रु. 1500 करोड़ के लक्ष्य के मुक़ाबले बट्टे खाते में नकद वसूली 98% (1467 करोड़) प्राप्त की गई ।

**वसूली में सुधार के लिए कार्यनीतियाँ :**

➢ "रिकवरी टू बी डबल द स्लिपेज" के कॉर्पोरेट मंत्र को प्राप्त करने के लिए विभिन्न अभियान जैसे "स्टार इंटेंसिव रिकवरी डे", "ब्रांच अदालत", "समर ओटीएस कैंपेन", "कृषि ऋण समाधान अभियान", "फाउंडेशन डे रिकवरी कैंपेन" वि व 24 के दौरान शुरू किए गए हैं। चालू वि व में अब तक "मिशन समाधान", "मिशन 4K" और "समझौता दिवस" अभियान शुरू किए गए हैं।

➢ सीजीटीएमएसई - वि व 2023-24 में कुल 4202 दावे दूसरे दावे में निपटाए गए है, परिणामस्वरूप कुल एनपीए में रु. 317 करोड़ की कमी हुई है।

➢ गैर-विवेकाधिकार और गैर-विभेदकारी नीति शुरू होने पर एनपीए खातों में समाधान के साथ फील्ड स्तर पर वसूली में वृद्धि हुई है। ओटीएस अनुमोदन की सुविधा के लिए, विशेष ओटीएस योजनाएं जैसे स्टार संजीवनी और बीओआई ओटीएस 2024 को वर्तमान वि व 2024-25 के लिए फिर से शुरू किया गया है।

➢ एसटीपी प्रक्रिया पर आधारित संपूर्ण ई-ओटीएस मॉड्यूल प्रक्रियाधीन है।

➢ समयबद्ध तरीके से ओटीएस के पूर्ण निपटान के लिए ओटीएस दर्ज किए गए खातों में संकेन्द्रित वसूली, माइलस्टोन वसूली, अभियान शुरू किए गए हैं।

**पहल:**

➢ ई-नीलामी - मेगा ई-नीलामी मासिक आधार पर आयोजित की जाती है। विव 2023-24 के दौरान रु. 300 करोड़ की राशि की कुल 530 संपत्तियां बेची गईं है।

➢ आरए/ईए/बीसी की नियुक्ति – वसूली एजेंट्स (आरए)/ प्रवर्तन एजेंट्स (ईए)/व्यवसाय संवाददाता(बीसी)को सम्मिलित करना और उनका अधिकतम उपयोग।

➢ पीडीए नियुक्ति — भार-रहित संपत्ति के लिए पीडीए की नियुक्ति।

➢ एआरसी को बिक्री के अवसरों का पता लगाया जा रहा है ।

➢ इज पहल के हिस्से के रूप में रु. 25 लाख तक के छोटे मुल्य वाले खातों में ई - ओटीएस प्रसंस्करण।

## 10. कोषागार

**फॉरेक्स कारोबार :** ट्रेजरी, बैंक का विदेशी विनिमय कारोबार संभालता है तथा फॉरवर्ड तथा स्वैप के माध्यम से ग्राहकों को हेजिंग सुविधा उपलब्ध कराता है। मुंबई में केंद्रीकृत ट्रेजरी के अतिरिक्त, बैंक के नई दिल्ली, अहमदाबाद, चेन्नई तथा कोलकाता में 4 सैटेलाइट डीलिंग रूम तथा गिफ्ट सिटी (अहमदाबाद) में एक केंद्रीयकृत बैंक ऑफिस है ताकि ग्राहकों को बेहतर ग्राहक सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, मर्चेंट तथा इंटरबैंक टर्नओवर क्रमश: रु. 1.26 लाख करोड़ तथा रु. 59.01 लाख करोड़ रहा। इस वित्त वर्ष के दौरान बैंक का फॉरेक्स कारोबार टर्नओवर रु. 60.27 लाख करोड़ रहा। करेंसी फ्यूचरस् की ट्रेडिंग में ट्रेजरी सक्रियतापूर्वक सहभागिता करता है तथा यह सभी एक्सचेंजों में अग्रणी बैंकों में से एक है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान करेंसी फ्यूचरस् में बैंक का टर्नओवर यूएसडी 73.41 बिलियन रहा। बैंक को करेंसी फ्यूचर (बैंक) में सर्वोत्तम कार्यनिष्पादन हेतु बीएसई द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए पुरस्कृत किया गया था।

**ट्रेज़री परिचालन एवं निवेश :** बैंक ने 2023-24 के दौरान के सभी क्षेत्रों में अर्थात-मुद्रा बाजार,फॉरेक्स, बॉण्ड तथा डेरिवेटिव में सक्रिय भूमिका अदा करना जारी रखा। रेपो/टीआरईपीएस विण्डोज़ से उधार लेने हेतु अतिरिक्त एसएलआर का उपयोग करते हुए पर्याप्त तरलता की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बैंक ने समय-समय पर एसएलआर निवेशों को विनियामक आवश्यकता, जो कि एन.डी.टी.एल का 18.00% है, उससे अधिक पर बनाये रखा। यथा दिनांक 31.03.2024 को सकल एसएलआर निवेश रु.1,75,301.46 करोड़ (कुल निवेश का 78.86%) था और गैर-एसएलआर निवेश रु.46,967.37 करोड़ (कुल निवेश का 21.14%) रहा। गैर एसएलआर निवेश में रु. 24,699 करोड़ के 'पुन:पूंजीकरण' के बॉण्ड भी शामिल हैं। एस.एल.आर ए.एफ़.एस. पोर्टफोलियो का एम-ड्यूरेशन, 31.03.2023 को 1.21% था जो कि 31.03.2024 को 2.81% रहा। यथा 31.03.2024 तक कुल एएफएस पोर्टफोलियो का एम-ड्यूरेशन 2.65% है। भारत सरकार द्वारा की गई हरित पहलों के साथ सहमति में, आरबीआई ने सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड की बिक्री के लिए अधिसूचना जारी की थी। यथा 31.03.2024 को सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड में ट्रेजरी शाखा का कुल निवेश एक्स्पो.जर रु. 837.61 करोड़ का है। सभी निवेश,बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्यापक नीति के अनुसार किये जाते हैं और बाज़ार में होने वाले बदलावों/विनियामक आवश्यकताओं से तालमेल बनाए रखने हेतु समय-समय पर इनकी समीक्षा की जाती है।

## 11. सूचना प्रौद्योगिकी:

**1. वेबसाइट:**

बेहतर और समृद्ध ग्राहक अनुभव के आधार पर बाजार में उपलब्ध नवीनतम तकनीक के साथ बैंक ऑफ इंडिया की अपनी कॉर्पोरेट और वैश्विक वेबसाइट (12 विदेशी केंद्रों) है।

इसे प्रतिक्रया देने योग्य डिज़ाइन किया गया हा तथा वर्तमान उपयोगकर्ताओं के रुझानों को ध्यान में रखते हुए आसान नेविगेशन प्रदान करने वाले उचित संरचित मेनू के साथ विकसित किया गया है।

कॉर्पोरेट वेबसाइट वर्तमान में 12 भाषाओं (हिंदी, अंग्रेजी और मराठी, बंगाली, तमिल, तेलुगु, उड़िया, गुजराती, मलयालम, उर्दू, कन्नड़ और पंजाबी) में उपलब्ध है।

2. **इंट्रानेट पोर्टल (स्टारडेस्क):**

हमने अलग-अलग विभागीया उप-पोर्टलों के साथ इंट्रानेट पोर्टल - स्टारडेस्क को नया रूप दिया है, जो न केवल बेहतर लुक और फील से समृद्ध है, बल्कि इसमें उन्नत विशेषताएं और अत्याधुनिक तकनीकी क्षमताएं भी हैं। लाइफरे डिजिटल एक्सपीरियंस प्लेटफॉर्म (डीएक्सपी) पर बनाया जा रहा नया पोर्टल डिवाइस एग्नोस्टिक डिजाइन अनुकूलन की किसी भी जटिलता को पूरा करने के लिए कोड इंडिपेंडेंट कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम, डिवाइस एग्नोस्टिक डिजाइन को और अधिक लचीला एवं सक्षम बनाती है। नए युग का पोर्टल, प्रबंधन में सुगमता, बढ़ी हुई सुरक्षा और स्केलेबिलिटी, आसान एकीकरण सुविधाओं के साथ उत्कृष्ट सर्च प्रणाली जैसे कई फायदे प्रदान करता है। यह बेहतर दस्तावे.ज प्रबंधन, ऑडिट और लॉग, वॉटरमार्किंग, इंटरैक्टिव सुविधाओं, इनबिल्ट दस्तावेज़ रीडर और मीडिया प्लेयर द्वारा उपयोगकर्ता अनुभव को और बढ़ाता है।

3. **इंटेलिजेंट प्रोसेस ऑटोमेशन (आईपीए):**

इंटेलिजेंट प्रोसेस ऑटोमेशन (आईपीए) का उद्देश्य रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए), मशीन लर्निंग (एमएल), नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग (एनएलपी), स्मार्ट वर्कफ़्लोज़, कॉग्निटिव एजेंट, एपीआई, इंटेलिजेंट डॉक्यूमेंट प्रोसेसिंग (आईडीपी) और अन्य हाइपर ऑटोमेशन टूल्स जैसी तकनीकों का उपयोग करके बैंकिंग प्रणाली और बैंकिंग परिचालन के अंतर्गत मैनुअल, दोहराए जाने वाले कार्यों को स्वचालित करके बैंक की परिचालन दक्षता का अनुकूलन करना है। कार्यनीतिक रूप से स्वचालन समाधानों को लागू करके बैंक का उद्देश्य संचालन को सुव्यवस्थित करना, दक्षता बढ़ाना, संसाधन आवंटन का अनुकूलन करना, सटीकता में वृद्धि करना, कार्यनीतिक और मूल्य वर्धित गतिविधियों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए मानव संसाधनों को मुक्त करना और बैंकिंग उद्योग के भीतर प्रौद्योगिकी प्रगति में सबसे आगे रहना है, जिससे यह बेहतर सेवाएं प्रदान करने और प्रतिस्पर्धा में बढ़त बनाए रखने में सक्षम हो सके।

4. **अकाउंट एग्रेगेटर फ्रेमवर्क**

अकाउंट एग्रीगेटर इकोसिस्टम सहमति आधारित डेटा साझाकरण तंत्र है जो एए नेटवर्क में किसी व्यक्ति को एक वित्तीय संस्थान जिसमें उसका खाता है, से किसी अन्य विनियमित वित्तीय संस्थान में जानकारी को सुरक्षित एवं डिजिटल रूप से प्राप्त करने और साझा करने में मदद करता है। यह उधारदाताओं/सेवा प्रदाता को ग्राहकों से प्राप्त डिजिटल डेटा का लाभ उठाने में मदद करता है जिससे भौतिक दस्तावेजों की आवश्यकता को समाप्त किया जा सके।

एए फ्रेमवर्क को मैसर्स अनुमति, एनएडीएल, एफआईएनवीयू, सीएएमएस और वनमनी के साथ लाइव किया गया था।

## 12. डेटा एनालिटिक्स

1. **ई-प्लेटफार्म परियोजना:**

बैंक ने थर्ड पार्टी उत्पादों सहित सभी बैंकिंग उत्पादों (आस्ति एवं देयता उत्पादों) के स्ट्रेट थ्रू ओरिजिनेशन एंड प्रोसेसिंग हेतु एकीकृत ई-प्लेटफॉर्म परियोजना अप्रैल 2021 में शुरू की थी।

उत्पाद कार्यान्वित करने की फेज वार स्थिति निम्नानुसार है:

क. ई-प्लेटफॉर्म फेज-1 क्रियान्विति में 20+ उत्पाद शामिल हैं। एमएसएमई, रिटेल, कृषि केसीसी, क्रेडिट कार्ड और सेल्फ-ऑनबोर्डिंग बचत खाता डिजिटल प्रवास को लॉंच किया जा चुका है।

ख. ई-प्लेटफॉर्म फेज-2 का कार्यान्वयन प्रक्रियाधीन है। एमएसएमई, रिटेल और कृषि के 17+ उत्पादों को लॉंच किया जा चुका है।

ग. फिनटेक सहकार्यता – विडियो केवाईसी, बैंक विवरणी विश्लेषण, आयटिआर विशलेषण ब्यूरो नाम जांच और फिनटेक सेवाओं को एंड टू एंड डिजिटल जर्नीज् हेतु ई-प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत किया गया है।

घ. एंड टू एंड लीड सॉर्सिंग एवं मैनेजमेंट, सहकार्यता, सेवा प्रबंधन / शिकायत प्रबंधन के साथ एकीकृत सीआरएम नैक्सट सोल्यूशन को लॉंच किया गया है। कस्टमर 360, इंटीग्रेटेड कैम्पेन मैनेजमेंट एवं बिक्री कार्यनिष्पादन लीड सोसिंग के लिए मोबईल एप्लिकेशन क्रियान्वित किए जाने के फेज में है।

ड़. बीओआई के सभी शाखाओं / कार्यालयों के लिए कस्टमर फेसिंग सोर्सेज यथा बीओआई वैबसाइट, बीओआई ई-प्लेटफॉर्म, बीओआई कस्टमर केयर, एसएमएस, मिस्सड कॉल, एनालिटिक्स, मारुति पोर्टल (टाई-अप व्यवस्था), नेशनल पोर्टल, सोशल मीडिया, बिज़नेस करेसपांडेन्ट, सिबिल, व्हाट्सऐप, चैटबोट, इंटरनेट बैंकिंग, कैम्पेन, यूनिवर्सल एप्लिकेशन, आईवीआर, कॉल सेंटर को लाइव किया गया है।

च. शिकायत मोड्यूल, कस्टमर ग्रीवन्स पोर्टल को शिकायतों के रियल टाइम अपडेट (जब और जहां स्टेटस अपडेट हो) के साथ लाइव किया गया है। इस पोर्टल का प्रयोग करके सेवाओं हेतु अनुरोध किया जा सकता है। बैंक ने डिजिटल मोड में रियल टाइम अपडेट के साथ सामान्य सेवाएँ एक्सेस, शिकायत एक्सेस को उपलब्ध करवाया है। साथ ही अन्य स्व-सेवा फ्लो पाईपलाइन में हैं।

2. **उन्नत एनालिटिक्स क्षमताओं और डेटा गवर्नेंस प्रथाओं का निर्माण**

बैंक अत्याधुनिक तकनीकों के साथ उन्नत एनालिटिक्स, गवर्नेंस और रिपोर्टिंग/डैशबोर्डिंग क्षमताओं का निर्माण कर रहा है, जिसमें डेटा गवर्नेंस सोल्यूशन, बिजनेस इंटेलिजेंस प्लेटफ़ॉर्म, डेटा क्वालिटी सोल्यूशन, डेटा लाइनेज सोल्यूशन, डेटा कैटलॉग सोल्यूशन और एडवांस एनालिटिक्स वर्क लोड के लिए वितरित कंप्यूटिंग प्लेटफ़ॉर्म शामिल हैं। बैंक GenAI तकनीकों का उपयोग करके कारोबारी उपयोग हेतु कुछ मामले भी विकसित कर रहा है।

विभिन्न व्यावसायिक कार्यों के लिए निम्नलिखित एनालिटिक्स मॉडल पहले से ही मौजूद हैं:

**एनालिटिक्स**

| मॉडल नाम |
|---|
| आवास ऋण टेकओवर |
| आवास ऋण टॉप-अप मॉडल |
| एमएसएमई पूर्व-अनुमोदित पत्र |
| थर्ड पार्टी गैर जीवन बीमा |
| वैतनिक और गैर- वैतनिक ग्राहकों को पूर्व-अनुमोदित व्यक्तिगत ऋण |
| थर्ड पार्टी म्यूचुअल फंड |
| कस्टमर रिटेन्शन मॉडल |
| सीएलटीवी- चर्न ग्राहकों हेतु |
| पूर्व-अनुमोदित व्यक्तिगत ऋण |
| पूर्व-बंद टीडी मॉडल |
| ग्राहक चर्न प्रेडिक्शन मॉडल |
| आवास ऋण |
| वाहन ऋण |
| अगली सर्वोत्कृष्ट कार्रवाई/ उत्पाद |
| एमएसएमई सीसीओडी नवीकरण |

3. **कार्यपालक डैशबोर्ड**

बीओआई पल्स एक कार्यपालक डैशबोर्ड पोर्टल है जिसे प्राधिकृत उपयोगकर्ताओं हेतु अग्रिम, वसूली, वित्त, एसएमए (विशेष उल्लेख खाते), जमाराशियों तथा ई-प्लेटफॉर्म से संबन्धित आंकड़ों को टैबुलर और ग्राफिकल दोनों फॉर्मेट में दर्शाने, डेटा की समझ को और निर्णय लेने की प्रक्रिया को संवर्धित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह एफ़जीएमओ, अंचल और शाखा स्तर पर जानकारी उपलब्ध करवाकर ग्रेनुलर डेटा एनालिसिस को सपोर्ट करता है।

4. **इन-हाउस टीम द्वारा विकसित अन्य एप्लिकेशन**

डेटा एनालिटिक्स विभाग की बैंक टीम द्वारा निम्नलिखित एप्लिकेशन विकसित किए गए हैं।

1. डेटा गुणवत्ता: यह पोर्टल ग्राहक और खाता स्तर पर एचओ/एफजीएमओ/अंचल/शाखा-वार डेटा गुणवत्ता त्रुटियाँ उपलब्ध करवाता है। इसे डेटा गुणवत्ता और डेटा निगरानी अनुभागों में वर्गीकृत किया गया है। यह पोर्टल शाखाओं को संबंधित त्रुटि प्रकारों को देखने में सक्षम बनाता है, जिससे समय पर त्रुटि सुधार की सुविधा प्राप्त होती है। बैंक को सिबिल से डेटा गुणवत्ता में सुधार के लिए पुरस्कार मिला है।

2. बीओआई लक्ष्य : यह पोर्टल अंचलों को विभिन्न मापदंडों के आधार पर अपनी शाखाओं को बजट आवंटित करने में मदद करता है। यह एचओ और एफजीएमओ को वास्तविक समय में शाखा बजट की निगरानी करने में सक्षम बनाता है, जिससे बजट प्रबंधन में दक्षता और सटीकता बढ़ती है।

3. केंद्रीकृत सूचना प्रबंधन प्रणाली (सीआईएमएस): भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सेंट्रलाइज्ड इंफ़ॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम (सीआईएमएस) नाम से अगली पीढ़ी का डेटा वेयरहाउस विकसित किया है, जिससे रिटर्न जमा करने के मौजूदा तरीके को बदलकर सिस्टम-टू-सिस्टम कर दिया गया है। आरबीआई के निर्देशों के अनुसार, 26-12-2023 से रिज़र्व बैंक द्वारा पहचाने गए सभी बैंक रिटर्न अब एसटीपी के माध्यम से सीआईएमएस सिस्टम से फ्लो हो रहे हैं। सीआईएमएस के तहत सभी रिटर्न जो पहले आरबीआई को जमा किए जा रहे थे, उन्हें XBRL प्रारूप/Non-XBRL प्रारूपों में सीधे प्रक्रिया (एसटीपी) के माध्यम से सीआईएमएस द्वारा जमा किया जाना है। ये रिटर्न बिना किसी मैनुअल हस्तक्षेप के सीधे प्रक्रिया के माध्यम से एंड टू एंड जमा किए जाते हैं। सभी Non-XBRL रिटर्न बैंक टीम द्वारा विकसित किए जाते हैं और नियामक को समय पर रिटर्न जमा करने हेतु XBRL रिटर्न के लिए बैंक टीम तकनीकी सहायता प्रदान कर रही है।

## 13. डिजिटल बैंकिंग विभाग :

यथा 31.03.2024 को डिजिटल उत्पाद का आधार निम्नलिखित है :

| उत्पाद | यथा 31.03.2024 |
|---|---:|
| कुल क्रेडिट कार्ड | 75,579 |
| व्यापारी द्वारा प्राप्त (पीओएस +भीम आधार) | 43,791 |
| यूपीआई आधारित क्यूआर | 10,92,195 |
| मोबाइल बैंकिंग * | 33,67,449 |
| इंटरनेट बैंकिंग | 88,78,660 |
| यूपीआई | 1,87,79,341 |

*यथा 31.03.2024 को 33,67,449 मोबाइल बैंकिंग उपयोगकर्ता हमारे नए मोबाइल एप ओमनी नेओ से जुड़े हैं। हमारे पुराने मोबाइल एप जिससे 88,99,013 उपयोगकर्ता जुड़े थे, उसे 23 फरवरी 2023 से बंद कर दिया गया है।

**वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्पादों को योजनाबद्ध रूप से आरंभ करना**

- आरआरबी के लिए ई-कॉम संव्यवहार का कार्यान्वयन: हमने हमारे सभी तीन आरआरबी के लिए ई कॉम संव्यवहारों का कार्यान्वयन आरंभ किया है।
- भारत क्रेडिट कार्ड - बैंक के मिड सेग्मेंट के ग्राहकों के लिए एक नया वेरियंट "भारत क्रेडिट कार्ड" आरंभ कर रहे हैं। डेबिट तथा क्रेडिट कार्ड में व्यापारी वार व्यय विश्लेषण के आधार पर इन कार्डों में ऑफर को शामिल किया गया है। लाभों में शामिल है - न्यूनतम

2 टिकट की खरीद पर रु.250 की छूट, अमेजन / फ्लिपकार्ट पर प्रति तिमाही रु.250 के डिस्काउंट वाउचर, रु.250 का बिग बास्केट / ब्लिंकिट छूट वाउचर, 3 माह की स्विगी लाइट योजना, लाउंज का एक्सेस (4 घरेलू तथा 2 अंतरराष्ट्रीय) तथा 2 लाख तक का बीमा कवरेज।

- रुपे एमएसएमई क्रेडिट कार्ड : बैंक, प्रीमियम ऑफर के साथ एमएसएमई ग्राहकों के लिए रुपे योजना में एमएसएमई क्रेडिट कार्ड आरंभ करने की प्रक्रिया में है। ऑफर में शामिल होगा- मेक माई ट्रीप से फ्लाइट बुक करने पर रु.1500 तक 10% की छूट, अमेजन प्राइम की वार्षिक सदस्यता, स्विगी वन लाइट की तीन महीनों की सदस्यता, 8 घरेलू लाउंज एक्सेस तथा 10 लाख तक बीमा कवर।

- यूपीआई में क्रेडिट कार्ड को लिंक करना : सरल, तत्काल तथा सुरक्षित डिजिटल भुगतान संव्यवहार करने के लिए क्रेडिट कार्ड के माध्यम से यूपीआई भुगतान। किसी यूपीआई ऐप में खाते के स्थान पर क्रेडिट कार्ड को लिंक करना।

- बीओआई मोबाइल ओम्नी नियो बैंक का प्रयोग करते हुए एनसीएमसी वैलेट में शेष राशि को अद्यतित करना।

- भीम आधार एप्लिकेशन के साथ आधार वॉल्ट कार्यान्वयन: "भीम आधार पे", आधार इनेबल्ड भुगतान प्रणाली (एईपीएस) का व्यापारी वर्जन है जो भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूएडीआई) से प्रमाणीकरण के बाद ग्राहक की आधार संख्या तथा बायोमेट्रिक का प्रयोग करते हुए आधार सक्षम खाते वाले ग्राहक से भुगतान स्वीकार करने को व्यापारी (आधार संख्या वाले एकल या एकल स्वामित्व) को सक्षम बनाता है।

- साउंड बॉक्स क्यूआर कोड : बीओआई भीम यूपीआई क्यूआर कोड के विरुद्ध किये गए यूपीआई भुगतान के लिए रियल टाइम ऑडियो जमा पुष्टि उपलब्ध कराने के लिए बैंक ने बीओआई भीम यूपीआई क्यूआर मर्चेंट के लिए पोर्टेबल साउंड बॉक्स सिस्टम आरंभ किया है। यह पोर्टेबल साउंड बॉक्स सिस्टम बीओआई भीम यूपीआई क्यूआर कोड के विरुद्ध किये गए प्रत्येक सफल यूपीआई भुगतान पर व्यापारी को सूचित करेगा।

- यूपीआई पर स्वीकृति पूर्व ऋण सीमा : यह यूपीआई क्रेडिट उपयोगकर्ताओं को सरलीकृत यूजर इंटरफेस उपलब्ध कराता है। इसके माध्यम से ऑटो पे, एक बारगी अधिदेश इत्यादि जैसी यूपीआई सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। अब यूपीआई मर्चेंट, यूपीआई ऋण आधारित संव्यवहारों को स्वीकार कर सकते हैं।

**नए पहल - वित्त वर्ष 2023-24**

- **बीओआई ओमनी नियो ऐप**

  बीओआई मोबाइल ओमनी नियो बैंक बीओआई का डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म है, जो स्मार्ट मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग से ग्राहकों के लिए सुलभ है। यह ओमनी चैनल है। (अर्थात ऐप में की गई सारी गतिविधियां आईबी और आईबी की सारी जानकारियाँ ऐप में उपलब्ध होंगी। आईबी और ऐप दोनों में सामान विशेषताएँ और कार्यक्षमताएँ हैं।) इसमें बचत, जमा, ऋण, पीपीएफ, एसजीबी, एसएसवाई, एफआरएसबी, एनपीएस, म्यूचुअल फंड, एएसबीए-आईपीओ, बीमा आदि जैसे सभी उत्पादों और सेवाओं को एक साथ एक ही प्लैटफ़ार्म पर उपलब्ध है। मुख्य विशेषताएं- बायोमेट्रिक और फेस आईडी लॉ गिन, चैटबॉट के माध्यम से लेनदेन, सरल यूआई / यूएक्स, आईएमपीएस, यूपीआई, आरटीजीएस और एनईएफटी का उपयोग करके निधि अंतरण, भुगतान को शेड्यूल करना और आवर्ती भुगतान, लेन-देन संबंधी अधिकार प्रबंधित करना, रिचार्ज और बिल भुगतान, अन्य लिंक किए गए खातों में निधि लाना।

- **यूपीआई लाइट एक्स**

  यूपीआई लाइट एक्स (ऑफ़लाइन - नियर फ्रिक्वेंसी कम्युनिकेशन का उपयोग करके) यूपीआई लाइट का एक नया संस्करण है, जिसका उपयोग "ऑन डिवाइस वॉलेट" में ऑफ़लाइन मोड में लेनदेन के लिए किया जाता है। फोन के नेटवर्क में आते ही लाइव वॉलेट के साथ बैलेंस अपडेट हो जाता है।

- **ई-बीजी**

  बैंक गारंटी के डिजिटल प्रलेखों का निषादन एनईएसएल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जाएगा। ई-स्टांप और ई-हस्ताक्षरित बैंक गारंटी की एक प्रति वास्तविक समय के आधार पर एनईएसएल द्वारा सीधे लाभार्थी को भेजी जाएगी, जिससे दस्तावेज़ की भौतिक डिलीवरी समाप्त हो जाएगी।

- **ई-एनएसीएच**

  अब हम ई-एनएसीएच प्लेटफॉर्म पर लाइव हैं, जो अन्य बैंकों में संचालित ग्राहक के वेतन/ऑपरेटिव खाते से ईएमआई वसूली के लिए ऋण खातों में त्रुटि मुक्त कागज रहित ईसीएस अधिदेश पंजीकरण की सुविधा प्रदान करता है। यह सुविधा हमारे कॉर्पोरेट/एचएनआई ग्राहकों को भी प्रदान की जा सकती है ताकि वे अपने ग्राहकों से आवर्ती संग्रह कर सकें।

- **एटीएम में क्षेत्रीय भाषा कार्यान्वयन**

  हम अंग्रेजी और हिंदी के साथ-साथ एटीएम स्क्रीन में क्षेत्रीय भाषा विकल्प लागू कर रहे हैं। हिंदी और अंग्रेजी को अतिरिक्त 8 क्षेत्रीय भाषाएं उपलब्ध होंगी।

- **आईसीसीडबल्यू (अंतरसंचालित कार्ड रहित नकदी आहरण) :**

  यह यूपीआई पर लाइव बैंक के ग्राहकों को किसी भी प्रतिभागी बैंक के एटीएम से कार्ड का उपयोग किए बिना नकदी आहारित करने की सुविधा देता है। हम पहले से ही जारीकर्ता और अधिग्रहणकर्ता दोनों के रूप में लाइव हैं।

- **बीओआई अर्थस्मार्ट डेबिट कार्ड**

  हम बीओआई अर्थस्मार्ट पेश कर रहे हैं, जो रीसाइकल प्लास्टिक डेबिट कार्ड की हमारी एक क्रांतिकारी कदम है। हमने 100% रीसाइकल प्लास्टिक से बने डेबिट कार्ड बनाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक और नवाचार का उपयोग किया है। हम शुरुआत में अर्थस्मार्ट डेबिट कार्ड के रुपे सेलेक्ट और प्लेटिनम वेरिएंट लॉन्च कर रहे हैं।

- **आरआरबी के लिए संपर्क रहित डेबिट कार्ड सुविधा**

  हम अपने सभी तीन आरआरबी आर्यवर्त ग्रामीण बैंक, विदर्भ ग्रामीण बैंक और मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के लिए कॉर्टेक्स के माध्यम से संपर्क रहित डेबिट कार्ड सुविधा को सक्षम कर रहे हैं। इन संपर्क रहित डेबिट कार्ड के माध्यम से आरआरबी ग्राहक आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार रु 5,000/- तक के भुगतान के लिए टैप एंड पे सुविधा का उपयोग कर सकते हैं।

- **सीआरएम पर अंतरसंचालित कार्ड रहित नकदी आहरण**

  हमारे सीआरएम पर अन्य बैंक के ग्राहकों के लिए नकद निकासी की सुविधा प्रदान की जा रही है। निकासी सीमा नियमित एटीएम नकद निकासी के अनुरूप होगी।

- **रुपे सेलेक्ट क्रेडिट कार्ड**

  हम रुपे योजना के तहत रुपे सेलेक्ट एक नया क्रेडिट कार्ड संस्करण पेश कर रहे हैं। इसमें बुक माई शो, स्विगी वन में ऑफर, अमेजन प्राइम मेंबरशिप, बिगबास्केट में ऑफर, हेल्थ चेकअप, 10 लाख तक का बीमा कवर, 2एक्स लॉयल्टी रिवॉर्ड्स, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कांसीर्ज सेवाएँ 24x7शामिल हैं।

- **रुपे प्रीपेड कार्ड और गिफ्ट कार्ड**

  हमने रुपे योजना में प्रीपेड कार्ड और गिफ्ट कार्ड लॉन्च किया है। रुपे प्रीपेड कार्डों का प्रस्ताव कार्डधारकों को लचीलापन प्रदान करने के लिए किया गया है। कार्ड संपर्क रहित होगा, जो विभिन्न इन-बिल्ट सुविधाओं और ऑफ़र के साथ खुदरा क्षेत्र पर केंद्रित होगा।

- **ई-प्लेटफॉर्म के माध्यम से क्रेडिट कार्ड ऑनबोर्डिंग:**

  ई-प्लेटफॉर्म के माध्यम से क्रेडिट कार्ड ऑनबोर्डिंग पहले से ही लाइव है। क्रेडिट कार्ड को शाखा और वेब चैनल के माध्यम से ऑन-बोर्ड किया जा सकता है।

## 14. डिजिटल लेंडिंग

- **ई-प्लैटफ़ार्म:** बैंक ने 44% के स्तर के साथ डिजिटल ऋण उत्पादों के अंतर्गत वित्त वर्ष 2023-24 में रु.15516 करोड़ का नया कारोबार जुटाया है। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान, बैंक ने डिजिटल ऋण कार्रवाई के अनुभव को बढ़ाने के लिए फिनटेक के साथ भागीदारी की है। बैंक प्रयोगिक तौर पर मध्य प्रदेश राज्य के भूमि रिकॉर्ड, उपग्रह की आधारित फसल पैटर्न और फसल इतिहास को प्राप्त करने, प्रायोगिक तौर पर गुजरात राज्य के अमूल सोसाइटी के लिए दूध उत्पादन का डेटा और आय से संबंधित डेटा प्राप्त करने, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य के लिए केसीसी जन समर्थ के लिए सीधी कार्रवाई, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर रूफटॉप पैनल के लिए डिजिटल कार्रवाई, पीएम कृषि उपज निधि के तहत ई-एनडब्ल्यूआर वित्तपोषण, जीएसटी आधारित ऋण के लिए डिजिटल उत्पाद, मंजूरी-पूर्व व्यक्तिगत ऋण और मंजूरी-पूर्व व्यवसाय ऋण की सेवाओं का उपयोग कर रहा है।

  बैंक का डिजिटल ऋण विभाग वित्त वर्ष 24-25 में 20 नए डिजिटल उत्पादों के साथ लाइव होने का लक्ष्य रखता है, जिसका उद्देश्य 60% के स्तर के साथ डिजिटल यात्रा के माध्यम से रु.30000.00 करोड़ का नया व्यवसाय जोड़ना है। विभाग कैप्स उत्पादों को ई-प्लेटफॉर्म में स्थानांतरित करके मौजूदा सीएपीएस सॉफ्टवेयर को चरणबद्ध रूप से समाप्त करने की भी योजना बना रहा है। विभाग सोशल मीडिया पर डिजिटल उत्पादों को बढ़ावा दे रहा है और उत्पाद वेब कार्रवाई के माध्यम से व्यवसाय प्राप्त करने पर अधिक जोर दे रहा है। मार्केटिंग टीम / डिजिटल लेंडिंग चैंपियंस को व्यक्तिगत ऋण और केसीसी ऋण जैसे ऋणों को मंजूरी देने के लिए त्वरित कायापलट के लिए लैपटॉप और टैबलेट प्रदान किए गए हैं। यह स्वचालित कायापलट के समय को कम करेगा और ग्राहकों को समय पर मंजूरी प्रदान करेगा।

  अंचल, एसकेवीके, आरबीसी और शाखाओं को डिजिटल उत्पादों पर नियमित प्रशिक्षण सत्र प्रदान किए जा रहे हैं। तकनीकी समस्याओं के लिए टर्नअराउंड समय को कम करने के लिए सहायता टीम की स्थापना की गई है। बैंक के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार के लिए डिजिटल ऋण देने वाले चैंपियन और क्षेत्र के पदाधिकारियों से प्रतिक्रिया को नोट किया गया है। वेब उत्पादों की अधूरी कार्रवाई को पूरा करने के लिए ग्राहकों को सहायता प्रदान करने के लिए एक अलग उत्पाद टीम स्थापित की गई है।

- **टीआरईडीएस व्यवसाय:** टीआरईडीएस कई फाइनेंसरों के माध्यम से एमएसएमई की व्यापार प्राप्तियों के वित्तपोषण/बट्टे की सुविधा के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म है। बैंक ऑफ इंडिया सभी टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म पर एक सक्रिय भागीदार है और वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान इन प्लेटफॉर्म पर टीआरईडीएस व्यवसाय के समग्र थ्रूपुट के 7.9% बाजार हिस्सेदारी का लाभ लेता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान बैंक का टीआरईडीएस कारोबार बकाया 94.04% बढ़ गया और 31.03.2024 को रु. 4142.00 करोड़ के स्तर पर रहा। इसके अलावा, हमारे टीआरईडीएस कारोबार को बढ़ाने के लिए पर्याप्त क्षमता उपलब्ध है क्योंकि कई कॉर्पोरेट खरीदार अभी भी नामांकित नहीं हैं या प्लेटफार्मों पर सक्रिय नहीं हैं। बैंक का टीआरईडीएस व्यवसाय चालू वित्तीय वर्ष में अच्छी गति से बढ़ने की उम्मीद है।

- **पूल-बाय-आउट:** वित्त वर्ष के दौरान रु.1445 करोड़ के कुल संवितरण के साथ पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 23-24 की 16% की नियमित वृद्धि दर्ज की गई है। वर्तमान में, हमारे पास पूल बाय-आउट सुविधा के लिए रु. 2400 करोड़ की अवितरित मंजूर सीमा है। इसके अलावा, रु. 4600 करोड़ का अतिरिक्त कारोबार प्रक्रियाधीन है जो वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक व्यापार वृद्धि को दोगुना कर देगा।

- **को-लेंडिंग:** - वर्तमान में, विभाग ने एमएसएमई और खुदरा उत्पादों के तहत सह-उधार देने के लिए विभिन्न एनबीएफ़सी के साथ समझौता किया है। वित्तीय वर्ष 2024 के दौरान नियमित वृद्धि

रु.186 करोड़ के कुल संवितरण के साथ रु.95 करोड़ (60%) है। 31.03.2024 को कुल बकाया रु. 253 करोड़ है। हमने वित्त वर्ष 25 के अंत तक 200% की नियमित वृद्धि के साथ सह-उधार में कुल टाई-अप को दोगुना करने की योजना बनाई है।

- **आपूर्ति श्रृंखला वित्तपोषण:** इस उत्पाद को नया रूप दिया गया है और उद्योगों के साथ नए ताल-मेल की खोज की जा रही है। हम ताल-मेल बढ़ाकर और चालू वित्त वर्ष में डिजिटल सोर्सिंग भागीदारों को शामिल करके आपूर्ति श्रृंखला वित्तपोषण के तहत कारोबार को बढ़ाने का लक्ष्य रखते हैं।

## 15. जोखिम प्रबंधन :

### जोखिम तथा नियंत्रण :

बैंक ने जोखिमों तथा प्रतिलाभों के बीच तालमेल को बनाये रखने के लिए, उधारकर्ता स्तर और पोर्टफोलियो स्तर पर प्रासंगिक जोखिमों का अनवरत मूल्यांकन सुनिश्चित करने हेतु उपयुक्त व्यवस्थाएं स्थापित की हैं। बैंक का निदेशक मण्डल विशिष्ट जोखिमों पर ध्यान देने के लिए गठित बोर्ड की विशिष्ट समिति के माध्यम से बैंक में सभी जोखिमों की समग्र निगरानी करता है। जोखिम प्रबंधन समिति (आर. कॉम.) बोर्ड की एक उपसमिति है जो जोखिम प्रबंधन की सर्वोच्च इकाई है, जिसे विभिन्न जोखिमों का प्रबंधन करने के लिए उच्च कार्यपालकों की परिचालनात्मक स्तर की समितियों जैसे आस्ति देयता प्रबंध समिति (एल्को), सीआरएमसी (ऋण जोखिम प्रबंधन समिति), एमआरएमसी (बाज़ार जोखिम प्रबंधन समिति)और सीओआरएम (परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन के लिए समिति) से सहयोग प्राप्त होता है।

जोखिम प्रबंधन में बैंक में सभी गतिविधियों तथा उत्पादों से संबंधित जोखिम की पहचान, माप, निगरानी, शमन और सभी संभावित जोखिमों की रिपोर्टिंग की प्रक्रिया शामिल है। इन प्रक्रियाओं से संबंधित नीतियों अर्थात एंटरप्राइज वाइड रिस्क मैनेजमेंट, ऋण जोखिम प्रबंधन, परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन बाज़ार जोखिम प्रबंधन, एक्सपोजर (बैंक एक्सपोजर एवं लार्ज एक्सपोजर फ्रेमवर्क), आस्ति देयता प्रबंधन, फॉरेन एक्सचेंज और डीलिंग रूम परिचालन आदि में इनके विषय में विस्तार से बताया गया है।

बैंक का जोखिम प्रबंधन ढाँचा, अपने परिचालनों और संस्कृति में, जोखिम प्रबंधन के पूर्ण एकीकरण पर केंद्रित है। एकीकृत जोखिम प्रबंधन ढाँचा जोखिम प्रबंधन चक्र से आरंभ होता है, जिसमें कई चरण होते हैं: जोखिम वहन-क्षमता स्थापित करना, दबावग्रस्तता संबंधी जाँच आयोजन करना, परिस्थितियों का विश्लेषण, सभी खण्डों में जोखिम मूल्यांकन का संपूर्ण क्षेत्र तैयार करना। जोखिमों की पर्याप्त रूप से पहचान, विश्लेषण, मापन, रिपोर्ट व शमन किया जाता है। जोखिम प्रबंधन बैंक के उन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है जिन पर अत्यधिक ध्यान दिया जाता है। बैंक यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है कि सभी जोखिम क्षेत्रों में प्रयोग की जाने वाली श्रेष्ठतम वैश्विक पद्धतियों को अपनाया जाए। इस जिम्मेदारी को मानव संसाधन और सिस्टम में निवेश करके तथा जोखिम वहन करने की संस्कृति को तैयार करके पूरा किया जा रहा है। बैंक ने जोखिम प्रबंधन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए विभिन्न साधनों तथा तकनीकों जैसे विवेकपूर्ण व आंतरिक सीमाओं की निगरानी, बासेल के अनुरूप ऋण रेटिंग मॉडल, सक्रिय लिक्विडिटी प्रबंधन, ईआरएम स्कोरकार्ड, पीक्यूआई आदि का उपयोग किया है।

ऋण रेटिंग की सीमाएं विशिष्ट उद्योग/क्षेत्र के कार्य-निष्पादन पर आधारित थीं। उधारकर्ताओं की साख योग्यता का आकलन करने के लिए बैंक विभिन्न आंतरिक ऋण जोखिम मूल्यांकन मॉडल और स्कोरकार्ड का उपयोग करता है। बदलते आर्थिक परिवेश और परिवर्तित होते व्यवसाय मॉडल को ध्यान में रखते हुए, जोखिम चालकों को बेहतर ढंग से दर्ज़ करने और अंडरराइटिंग मानकों को और मजबूत करने के लिए रेटिंग मॉडल का पुन: कैलिब्रेशन किया गया है।

व्यापार के सामान्य क्रम में बैंकों को मुख्य रूप से विभिन्न जोखिमों जैसे –ऋण जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालनात्मक जोखिम, लिक्विडिटी जोखिम और ब्याज दर जोखिम का सामना करना पड़ता है।

**ऋण जोखिम,** ऋण चुकाने या संविदात्मक दायित्वों को पूरा करने में उधारकर्ता की विफलता के परिणामस्वरूप होने वाली हानि की संभावना है। ऋण जोखिम गणना के लिए बैंक ने मानकीकृत दृष्टिकोण (एसए) को अपनाया है।

बाजार के कारकों में उतार-चढ़ाव के कारण, बैंक को नुकसान की संभावना **बाजार जोखिम** है जैसे कि ब्याज दर, विदेशी मुद्रा दर, इक्विटी मूल्य आदि। बैंक ने बाजार जोखिम गणना के लिए मानकीकृत अवधि पद्धति (एसडीएम) को अपनाया है।

**परिचालन जोखिम** को अपर्याप्त या विफल आंतरिक प्रक्रिया, लोगों और प्रणालियों या बाहरी घटनाओं से होने वाले नुकसान के जोखिम के रूप में परिभाषित किया गया है। परिचालन जोखिम में विधिक जोखिम शामिल है, लेकिन इसमें रणनीतिक और प्रतिष्ठा जोखिम शामिल नहीं है। बैंक बुनियादी संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए)के माध्यम से परिचालन जोखिम भारित आस्तियों की गणना करता है। बैंक आरबीआई दिशानिर्देशों के मसौदे में उल्लिखित परिचालन जोखिम भारित परिसंपत्तियों की गणना के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण अपनाने के लिए तैयार है। परिचालन जोखिमों से होने वाले नुकसान की संभावना और संभावित प्रभाव को कम करने के लिए बैंक प्रक्रियाओं के एक व्यापक दायरे, आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों और नीतियों के साथ परिचालन जोखिमों की निगरानी और प्रबंधन करता है।

**आस्ति और देयता प्रबंधन :** बैंक ने आस्ति और देयता के संतुलन न होने के उपरांत आने वाले वित्तीय जोखिमों को कम करने के लिए मजबूत एएलएम प्रथाओं को अपनाया है। जोखिम को कम करते हुए अधिक दक्षता और लाभप्रदता प्राप्त करने के लिए बैंक की सतत और गुणात्मक वृद्धि के लिए प्रभावी आस्ति और देयता प्रबंधन (एएलएम) आवश्यक है। आपके बैंक का एएलएम, बाजार की गतिशीलता की समीक्षा कर उससे प्राप्त संकेतों को ध्यान में रखते हुए बैलेंस शीट को मजबूत करने का प्रयास करता है और विनियामक अपेक्षाएँ को बनाए रखता है। मजबूत जोखिम प्रबंधन प्रथाओं की प्रतिबद्धता के तौर पर आपका बैंक नियमित रूप से बाजार स्थितियों में उतार-चढ़ाव को अपनाने के लिए 'ऋण और अग्रिमों हेतु मूल्य निर्धारण, 'वैश्विक आस्ति और देयता प्रबंधन', दबाव परीक्षण नीति' पर अपनी आंतरिक नीतियों की समीक्षा करता है। आपका बैंक अतिरिक्त दबावग्रस्तता परीक्षण और रिवर्स दबावग्रस्तता परीक्षण करता है ताकि सबसे खराब स्थिति में भी किसी भी

तरह की जोखिम को दूर किया जा सके। बैंक के घरेलू बैंकिंग परिचालनों के लिए लिक्विडिटी का प्रबंधन सीधे प्रधान कार्यालय द्वारा किया जाता है। बैंक की विदेशी शाखाएं और ऑफशोर इकाई प्रधान कार्यालय के समर्थन से स्वतंत्र रूप से अपनी लिक्विडिटी आवश्यकताओं का प्रबंधन करती हैं। इसी तरह, बैंक की सहायक कंपनियां स्वतंत्र रूप से आर.कॉम के मार्गदर्शन में अपनी लिक्विडिटी आवश्यकताओं का प्रबंधन करती हैं इसके अलावा, बैंक अन्य मुद्राओं में लिक्विडिटी आवश्यकताओं की निगरानी के लिए उपयुक्त प्रणालियों और प्रक्रियाओं का रखरखाव करता है।

आपके बैंक की लिक्विडिटी और ब्याज दर जोखिम प्रबंधन ढांचा सुस्पष्ट बोर्ड अनुमोदित वैश्विक आस्ति देयता प्रबंधन नीति के माध्यम से निर्देशित होता है। इस प्रक्रिया के रूप में आपके बैंक ने बैंकिंग बही में लिक्विडिटी और ब्याज दर जोखिमों के लिए विभिन्न बोर्ड अनुमोदित सीमाएं स्थापित की हैं। आस्ति देयता समिति (एल्को) एक निर्णय लेने वाली इकाई है, जो बैंक की लिक्विडिटी और ब्याज दर जोखिम प्रबंधन रणनीति को अपने जोखिम प्रबंधन उद्देश्यों के अनुरूप लागू करने के लिए जिम्मेदार है और बोर्ड द्वारा निर्धारित जोखिम सहन/सीमाओं का पालन सुनिश्चित करती है। एल्को नीति के कार्यान्वयन और सीमाओं की निगरानी की समीक्षा करता है। परिपक्वता अंतर को कम करने में बेसल III अनुपात, और स्टॉक अनुपात सीमाएं लिक्विडिटी जोखिम को प्रबंधित करने में, निवल ब्याज आय और बाजार मूल्य प्रभाव बैंकिंग बुक में ब्याज दर जोखिम को कम करने में मदद करते हैं। इसे लिक्विडिटी और ब्याज दर जोखिम दोनों को कवर करने हेतु बोर्ड अनुमोदित व्यापक परीक्षण योजना को मंजूरी देकर मजबूती से लागू किया गया है।

मजबूत व्यवहार विश्लेषण निश्चित रूप से प्रभावी एएलएम प्रबंधन परिदृश्य का मूल है। आपके बैंक द्वारा नियमित अंतराल पर व्यवहार अध्ययन किए जाते हैं ताकि ग्राहक व्यवहार का आकलन किया जा सके ताकि गैर-संविदात्मक आस्तियों और देयताओं तथा ग्राहकों के लिए उपलब्ध विकल्पों पर उचित कार्रवाई की जा सके जिनका उपयोग परिपक्वता अंतराल के प्रबंधन और जोखिम को दोहराते समय किया जाता है। लिक्विडिटी और ब्याज दर संवेदनशीलता विवरणों में बहिर्प्रवाह/अंतर्वाहों का उचित स्थापन सुनिश्चित करने के लिए व्यवहार संबंधी अध्ययन किए जाते हैं, जो मीयादी ऋणों/मीयादी जमाराशियों के पूर्व भुगतान, कासा में रन-ऑफ आदि जैसे तुलन-पत्र एक्सपोजर और बीजी/एलसी आदि में लागूकरण और न्यागमन जैसे तुलन-पत्र एक्सपोजर के परिणामस्वरूप हो सकते हैं। गैर-संविदागत आस्तियों और देयताओं से संबंधित पूर्वानुमानों की आवधिक रूप से समीक्षा की जाती है, उनका परीक्षण किया जाता है और नवीनतम अध्ययनों के परिणामों के अनुसार उनमें संशोधन किया जाता है। इसके अलावा, आपके बैंक के पास इंट्राडे लिक्विडिटी जोखिम को प्रबंधित करने और कम करने के लिए आवश्यक ढांचा और बोर्ड अनुमोदित नीति है।

विनियामक और बैंक की आंतरिक नीति बेंचमार्क द्वारा निर्धारित एलसीआर के रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाली तरल आस्ति (एचक्यूएलए) और निवल नकदी बहिर्गमन के स्टॉक की दैनिक निगरानी की जाती है। आपके बैंक ने आरबीआई के एनएसएफआर दिशानिर्देशों को लागू किया है, जो लिक्विडिटी के संदर्भ में आपके बैंक के दीर्घकालिक आघात-सहनीयता को मापते हैं। आपका बैंक अपनी बैलेंस शीट (ऑन/ऑफ) एक्सपोज़र पर बदलती ब्याज दरों से जुड़े अंतर्निहित जोखिमों की पहचान अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों दृष्टिकोणों से करता है। इस प्रयोजन के लिए जोखिम पर आय (ईएआर) और इक्विटी के बाजार मूल्य (एमवीई) पर ब्याज दरों में परिवर्तन के प्रभाव का मूल्यांकन पूर्व-परिभाषित टॉलरेंस सीमाओं के साथ किया जाता है, जिससे प्रबंधन एनआईआई/निवल मूल्य में क्षरण के संभावित परिदृश्य में उपयुक्त निवारक कदम शुरू करने में सक्षम होता है। आपका बैंक अपनी बेंचमार्क उधार दरों के माध्यम से पर्याप्त मौद्रिक नीति अंतरण सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास करता है। आपके बैंक की आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एल्को) बैलेंस शीट में आस्ति -देयता मिश्रण को संशोधित करके और समय-समय पर आस्ति और देयता के मूल्य निर्धारण को पुनर्व्यवस्थित करके लिक्विडिटी और ब्याज दर जोखिमों की निगरानी और प्रबंधन करती है। एल्को अन्य बातों के साथ-साथ ब्याज दर परिदृश्यों, देयता उत्पादों के विकास पैटर्न, ऋण वृद्धि, प्रतिस्पर्धात्मक लाभों, लिक्विडिटी स्थितियों में परिवर्तन, विनियामक निर्देशों के अनुपालन आदि की नियमित रूप से समीक्षा करती है।

आपका बैंक जून'2023 से बैंकिंग बुक में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी) को माप रहा है और उसकी निगरानी कर रहा है। बैंकिंग बुक में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी) बैंकों की पूंजी और ब्याज दरों में प्रतिकूल गतिविधियों से उत्पन्न होने वाली आय के लिए वर्तमान या संभावित जोखिम को संदर्भित करता है जो इसकी बैंकिंग बुक स्थितियों को प्रभावित करता है जिसमें आपका बैंक 6 निर्धारित विनियामक मानकीकृत ब्याज दर झटके के आधार पर इक्विटी और अर्जन (एनआईआई) के आर्थिक मूल्य पर प्रभाव की गणना करता है।

बैंक वार्षिक आधार पर आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) करता है जिसमें स्तंभ- I जोखिम, बैंक की जोखिम वहन-क्षमता और बैंकों के जोखिम प्रोफाइल के संबंध में बैंक द्वारा अपेक्षित आंतरिक पूंजी के उचित स्तर के साथ-साथ विभिन्न जोखिमों (स्तंभ II जोखिम) का आंकलन/माप शामिल है। अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बैंक को संभावित प्रभाव की बेहतर समझ प्रदान करके जोखिम मूल्यांकन को बढ़ाने के लिए स्ट्रेस परीक्षण प्रक्रिया मौजूद है। आईसीएएपी वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा बैंक यह सुनिश्चित करता है कि वह उचित स्तर की पूंजी के साथ काम करे। इसमें एक पूर्ण इंटरप्राइज जोखिम प्रबंधन (ईआरएम) ढांचे के रूप में माने जा सकने वाले एक बड़े हिस्से को शामिल किया गया है। आईसीएएपी जोखिम और पूंजी प्रबंधन गतिविधियों को एक ऐसे रूप में एक साथ लाता है जिसका उपयोग व्यावसायिक निर्णयों का समर्थन करने के लिए किया जा सकता है। बैंक, स्तम्भ-II के प्रासंगिक जोखिमों की भी पहचान, आंकलन और माप करता है और जोखिम समिति को रिपोर्ट करते समय उनके प्रशमन की योजना बताता है।

पिछले डेढ़ वर्ष में जलवायु जोखिम, धारणीय वित्त और ईएसजी से संबंधित विनियम तेजी से विकसित हो रहे हैं। बैंक ने आईसीएएपी में जलवायु जोखिम की स्तम्भ-II जोखिम के रूप में पहचान कर ली है। इसके अलावा, चूंकि जलवायु जोखिम संबंधी विनियम और शासन विकसित हुए हैं अत: बैंक के बोर्ड ने बैंक के लिए ईएसजी नीति (पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन) को अपनाया है। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए ईएसजी नीति में प्रशासनिक ढांचे को शामिल किया गया है और बैंक के विभिन्न विभागों हेतु की जाने

वाली कार्रवाई भी निर्धारित किए गए हैं।

ईएसजी नीति में, देश की प्रतिबद्धता के अनुसार शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ने के बैंक इरादे और ईएसजी व तत्संबंधी प्रकटनों से संबंधित सभी विनियामकीय अपेक्षाओं का अनुपालन करने में सक्षम बनाने की रूपरेखा बनाई गई है।

इसके अतिरिक्त, बैंक के पास फील्ड स्तर पर भी जोखिम संस्कृति को समझाने के लिए सभी भौगोलिक केंद्रों (अंचलों और फील्ड महाप्रबंधक कार्यालय और विदेशों में स्थित शाखाओं)में फील्ड स्तर के जोखिम प्रबंधक हैं।

बैंक की सूचना जोखिम प्रबंधन प्रणाली का स्पष्ट उद्देश्य, बैंक को साइबर हमलों और साइबर सुरक्षा खतरों में तेजी के कारण सूचना सुरक्षा जोखिमों से बचाना है, विशेष रूप से वित्तीय संस्थानों के लिए। सूचना सुरक्षा विभाग बैंक के ब्रांड, प्रतिष्ठा और आस्ति की सुरक्षा के लिए नियंत्रण को मजबूत करता है। बैंक अपने ग्राहकों और खाताधारकों से संबंधित डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता के प्रति सतर्क है और इसे साइबर हमलों से बचाने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतता है। बैंक ने कैप्टिव सिक्योरिटी ऑपरेशन सेंटर (एसओसी)स्थापित किया है। बैंक ने 24×7 आधार पर सूचना सुरक्षा उल्लंघन के प्रयासों/घटनाओं/स्थितियों की रियल-टाइम निगरानी के लिए सूचना सुरक्षा उपकरण लगाए हैं ताकि समय पर इन्हें रोका जा सके, पता लगाया जा सके और प्रत्युत्तर दिया जा सके। उन्नत सुरक्षा उपकरण जैसे एसआईईएम (सुरक्षा सूचना और घटना प्रबंधन), पीआईएम (विशेषाधिकार पहचान प्रबंधन), डीएएम (डेटाबेस गतिविधि निगरानी), डब्ल्यूएएफ (वेब एप्लिकेशन फ़ायरवॉल), एनबीएडी (नेटवर्क व्यवहार विसंगति का पता लगाना), एंटी-एपीटी (एडवांस पर्सिस्टेंस थ्रेट) वेब और ईमेल चैनलों के लिए और एंटी-डीडीओएस, डेटा डीएलपी (डेटा लीकेज रोकथाम) प्रयोग किए जा रहे कई सुरक्षा समाधानों में से हैं। थ्रेट हंटिंग, रोकथाम, पता लगाने और प्रत्युत्तर देने पर ध्यान केंद्रित करने वाले विभिन्न नए सुरक्षा समाधान भी लागू किए गए हैं। बैंक आईएसओ 27001:2013 (आईएसएमएस) और आईएसओ 22301:2012 (बीसीएमएस)प्रमाणित है। नकली साइटों के माध्यम से बैंक के ग्राहकों को फ़िशिंग हमलों से बचाने के लिए प्रभावी ब्रांड सुरक्षा सेवाएँ उपलब्ध हैं। सभी सिस्टमों के लिए समय पर उपचारात्मक गतिविधियों के साथ जोखिम और अतिसंवेदनशीलता का मूल्यांकन कार्य नियमित रूप से किया जाता है। सुरक्षा जागरूकता अभियान, विशेष रूप से सोशल इंजीनियरिंग के संबंध में, पूरे बैंक में आयोजित किये जाते हैं, जिनमें स्टाफ सदस्यों के साथ-साथ ग्राहकों को भी शामिल किया जाता है तथा अध्ययन और संप्रेषण के विभिन्न चैनलों का प्रयोग किया जाता है।

## 16. थर्ड पार्टी उत्पाद प्रभाग :

1. बैंक ऑफ इंडिया दो जीवन बीमा कंपनियों, तीन साधारण बीमा कंपनियों और तीन स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के लिए कॉर्पोरेट एजेंट है।

2. बैंक ने म्यूचुअल फंड उत्पादों के वितरण के लिए निष्पादन मॉडल अपनाया है। म्युचुअल फंड कारोबार में बैंक एक खुली संरचना का अनुसरण करता है, इसी कारण अधिक टाई-अप समझौते कर सकता है। इसलिए बैंक ने म्युचुअल फंड उत्पाद वितरण के लिए कई आस्ति प्रबंधन कंपनियों के साथ टाई-अप समझौते भी किए हैं।

3. बैंक बीमा और म्युचुअल फंड एएमसी के उत्पाद और सेवाएं प्रदान करते समय, बैंक आरबीआई/आईआरडीएआई/एएमएफआई / एसईबीआई या किसी अन्य विनियामक जो उस पर बाध्यकारी है, के संगत दिशानिर्देशों का पालन करता है।

4. प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत विभिन्न बीमा कंपनियों और म्युचुअल फंड एएमसी के साथ बैंक के मौजूदा टाई-अप निम्नलिखित है:

**मौजूदा टाई-अप :-**

| क्र. सं. | उत्पाद | टाई अप पार्टनर |
|---|---|---|
| i | जीवन बीमा | 1) स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.<br>2) भारतीय जीवन बीमा निगम |
| ii | साधारण बीमा | 1) रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.<br>2) बजाज अलायन्स जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि.<br>3) फ्यूचर जनरल इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लि. |
| iii | स्वास्थ्य बीमा | 1) स्टार हेल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस कंपनी लि.<br>2) केयर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लि.<br>3) निवा बूपा इंश्योरेंस कंपनी लि. |
| iv | म्युचुअल फंड | एएमसी का नाम<br>1) बैंक ऑफ इंडिया इन्वेस्टमेंट मैनजर्स प्रा. लि.<br>2) यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्रा.लि.<br>3) एचडीएफसी एसेट मैनजमेंट कंपनी प्रा.लि.<br>4) कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्रा. लि.<br>5) फ्रैंकलिन टेम्पलेटन एसेट मैनेजमेंट प्रा.लि.<br>6) बंधन म्यूचुअल फ़ंड (पूर्व में आईडीएफ़सी एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्रा.लि.)<br>7) डीएसपी म्युचुअल फंड (पूर्व में डीएसपी ब्लैक रॉक इन्वेस्टमेंट मैनजर्स लि.)<br>8) आदित्य बिरला सन लाइफ म्युचुअल फंड (पूर्व में बिरला सन लाइफ एसेट मैनेजमेंट कंपनी लि.)<br>9) निप्पॉन इंडिया म्युचुअल फंड ( पूर्व में रिलायंस म्युचुअल फं)<br>10) एसबीआई फंड्ज मैनेजमेंट प्रा. लि. |

5. बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न क्षेत्रों (सेगमेंट) से कुल रु 200.12 करोड़ का कमीशन अर्जित किया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ में)

| टीपीपी अनुभाग | कमीशन आय |
|---|---|
| जीवन बीमा | 154.76 |
| साधारण बीमा | 23.32 |
| स्वास्थ्य बीमा | 17.42 |
| म्यूचुअल फ़ंड | 4.62 |
| कुल | 200.12 |

## 17. विपणन एवं प्रचार

बैंक ऑफ इंडिया का लक्ष्य आम जनता के बीच दृश्यता बढ़ाना, आम जनता, ग्राहकों और अपने सभी हितधारकों (स्टेकहोल्डरों) के बीच अपने उत्पादों और अत्याधुनिक सेवाओं के बारे में जागरूकता फैलाना है। प्रचार और जन संपर्क गतिविधियों को सभी भौगोलिक क्षेत्रों में लागू किया जाता है, जिसका उद्देश्य विभिन्न मीडिया जैसे ओओएच के साथ साइनेज, डिजिटेल होर्डिंग्स के माध्यम से कई विज्ञापन अभियान और संचार उपलब्ध कराकर मेट्रो ट्रेन, लोकल ट्रेन, बस शेल्टर, रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों, रेडियो, टेलीविजन, प्रिंट, डिजिटल और सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रदर्शन कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक करना है।

बैंक ने विभिन्न विपणन दृष्टिकोणों को लागू किया है जो न केवल प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए बल्कि ग्राहक के जुड़ाव और वफादारी को बढ़ावा देने के लिए भी जरूरी हैं। इसके अलावा, सोशल मीडिया और डिजिटल मार्केटिंग रणनीतियों को अपनाकर, बैंक ऑनलाइन चैनलों की क्षमता का लाभ उठाने, बड़ी आबादी तक पहुंचने, उन्हें संयोजित करने और व्यवसाय में बदलने में सक्षम है। विपणन, प्रचार, विज्ञापन और जनसंपर्क बैंक को लोगों के बीच निरंतर ब्रांड का स्मरण रखने में मदद करते हैं और इसे ब्रांड निर्माण में निवेश के रूप में माना जाता है।

## 18. कारोबार प्रक्रिया पुनर्विन्यास (बीपीआर)

बीपीआर विभाग बैंक में मौजूदा प्रणालियों और प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने और परिवर्तन प्रबंधन के अन्य पहलुओं पर काम करता है जिसमें संगठनात्मक संरचना, उत्पाद और नीतियां शामिल हैं। 2023-24 के दौरान की गई प्रमुख ग्राहक केंद्रित पहल इस प्रकार हैं: -

**वित्तीय वर्ष (2023-24) के दौरान परियोजना कार्य/पहलें:**

1. **डिजिटल लेंडिंग विभाग का गठन:** डिजिटल ऋण देने का ढांचा स्थापित करने और डिजिटल ऋण देने की यात्रा में निर्णय लेने के लिए सिद्धांतों और प्रक्रियाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिये डिजिटल ऋण विभाग बनाया गया है। यह हमारे डिजिटल ऋण उत्पादों के प्रति बेहतर ग्राहक अनुभव बनाएगा और डिजिटल ऋण उत्पादों की बिक्री के मामले में मजबूत वृद्धि सुनिश्चित करेगा।

